CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष :11 अंक : 62 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, रविवार 22 मार्च, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## केरल में भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने मैदान में उतरे भजनलाल शर्मा, जनसभाओं को किया संबोधित

### *केरल में बोले भजन लाल शर्मा-बदलाव और परिवर्तन की लहर, केरल में भारतीय जनता पार्टी और होगी मजबूत, केरल भाजपा कार्यालय में भी भजन लाल शर्मा ने नेताओं से मुलाकात की*

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** केरल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कंधों पर एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है इसी जिम्मेदारी को निभाने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को केरल दौरे पर थे जहां तिरुवनंतपुरम में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के चार प्रत्याशियों के नामांकन भरने के कार्यक्रम में मौजूद रहे और मुख्यमंत्री शर्मा ने तिरुवनंतपुरम में स्थित केरल भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से उन्होंने काफी देर तक बातचीत की और चुनाव में सफलता हासिल करने के लिए अपनी ओर से आवश्यक सुझाव और सलाह भी पार्टी के नेताओं को दी पार्टी कार्यालय में मुख्यमंत्री शर्मा ने केरल भाजपा संगठन से जुड़े नेताओं से चुनाव की तैयारी के बारे में भी जानकारी हासिल की चुनाव प्रबंधन, चुनाव प्रचार के तरीकों और चुनाव में जनता के बीच लेकर जाने वाले मुद्दों के बारे में भी शर्माने पार्टी के नेताओं से बातचीत की और उन्हें अपने स्तर पर भी आवश्यक सुझाव दिए केरल भाजपा कार्यालय



में पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने मुख्यमंत्री शर्मा की जोरदार अगवानी की और उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया जानकारी के अनुसार शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केरल के तिरुवनंतपुरम में विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजीव चंद्रशेखर, आरश्रीलेखा, मुरलीधर राव और पीके कृष्णदास के नामांकन भरने के दौरान इन सभी प्रत्याशियों के साथ रहे और शर्मा ने जनसभाओं को भी संबोधित किया जानकारी के अनुसार तिरुवनंतपुरम में और केरल में कई जगहों पर राजस्थान के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं विभिन्न क्षेत्रों में राजस्थान के लोग केरल में खुद को साबित किए हुए हैं इसलिए जिन विधानसभा क्षेत्र में राजस्थान से जुड़े लोग ज्यादा रहते हैं वहां पर प्रवासी राजस्थानियों का समर्थन और वोट हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जिम्मेदारी दी है जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली दरबार केरल में उत्तर भारत के भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय और बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है उसमें भजन लाल शर्मा को भी वहां कई विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी है इसी क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री शर्मा तिरुअनंतपुरम गए थे तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से बातचीत करने के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि केरल में जो विकास कार्य हो रहे हैं यह सारे विकास कार्य केंद्र की मोदी सरकार की बदौलत ही दिखाई दे रहे हैं उन्होंने कहा कि केरल में बदलाव और परिवर्तन की जबरदस्त लहर है और भारतीय जनता पार्टी यहां मजबूत पोजीशन में सामने आएगी मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केरल में भारतीय जनता पार्टी का जनाधार मजबूती से आगे बढ़ रहा है और यहां कोई भी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के सहयोग के बिना सरकार नहीं बन सकती उन्होंने कहा कि केरल भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं ने भी यहां पर पार्टी के संगठन को मजबूती देने में पूरी ताकत लगा दी है और पार्टी का संगठन और विस्तार तेजी से बढ़ रहा है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति कार्यशैली विकास कार्य और व्यवहार से केरल के लोग काफी खुश और प्रभावित हैं इसलिए केरल में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहेगा जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली दरबार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पश्चिम बंगाल और असम के विधानसभा चुनाव में भी बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है क्योंकि पश्चिम बंगाल और असम में राजस्थान के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं असम और पश्चिम बंगाल में प्रवासी राजस्थानियों की संख्या काफी ज्यादा है और इन दोनों ही राज्यों में कई विधानसभा सीटों पर प्रवासी राजस्थानियों की संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को इन दोनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि राजस्थान में पिछले सवा दो साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने काफी अच्छा कार्य किया है हर क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं और भजनलाल सरकार के कार्यों की गूंज पूरे देश में हो रही है इसीलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता का फायदा उठाने के लिए भाजपा दिल्ली दरबार पश्चिम बंगाल और असम में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी दे सकता है।

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भजन लाल शर्मा की प्रशंसा की ओर कहा मेरे मित्र भजनलाल राजस्थान में अच्छा कार्य कर रहे हैं

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** देश के राजनीतिक गलियारों राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बीच गहरी मित्रता की चर्चा अक्सर सुनने को मिलती रहती है इन दोनों ही नेताओं के बीच राजनीतिक और व्यक्तिगत रिश्ते काफी अच्छे और मजबूत हैं और यह दोनों ही नेता एक दूसरे के कामकाज की कई बार तारीफ भी कर चुके हैं शनिवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव राजस्थान दौरे पर थे जयपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मोहन यादव ने एक बार फिर से प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जमकर प्रशंसा की और कहा कि राजस्थान में अनेक क्षेत्रों में विकास की अपार संभावनाएं हैं और उनके मित्र भजनलाल शर्मा राजस्थान में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों भाई-भाई हैं और इन दोनों ही प्रदेशों के बीच सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक इत्यादि सभी तरह की समानताएं हैं और केंद्र में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच आपस के संबंध पहले की तुलना में और मजबूत हुए हैं जानकार लोगों का कहना है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों ही जगह पर वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और करीब सवा दो साल पहले जब प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हुआ था और भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बने थे उसके बाद से ही मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच आपस के संबंधों में जबरदस्त मजबूती आई है यह मजबूती उस समय और प्रगाढ़ बन गई जब रामसेतु जल परियोजना को लेकर मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच आपस में समझौता हुआ इस समझौते के बाद मोहन यादव और भजनलाल शर्मा की मित्रता की चर्चा पूरे देश में होने लगी हालांकि केंद्र की मोदी सरकार के मार्गदर्शन और निर्देशन में रामसेतु जल परियोजना को लेकर मध्य प्रदेश और राजस्थान में समझौता हुआ था लेकिन यह भी जग जाहिर है कि पहले भी ऐसा कई बार हुआ जब राजस्थान और मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच आपस में चल रहे पुराने विवाद बने हुए थे लेकिन भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद और मध्य प्रदेश में मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद कई सालों से मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच पानी को लेकर जो विवाद चल आ रहा था वह विवाद दूर हुआ इसके बाद से ही मोहन यादव और भजनलाल शर्मा के बीच आपस की मित्रता पूरे देश में जग जाहिर हुई जानकार लोगों का कहना है कि मोहन यादव और भजनलाल शर्मा जब भी पत्रकारों से बातचीत करते हैं तो दोनों एक दूसरे की काफी तारीफ करते हैं दोनों ही नेता एक दूसरे की कार्यशैली व्यवहार और सरकारों के कामकाज की तारीफ करते हुए नहीं थकते शनिवार को मोहन यादव जयपुर में थे और उन्होंने भजनलाल शर्मा की कार्यशैली व्यवहार और उनके सरकार के कामकाज की जमकर प्रशंसा की राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली में बैठे नेताओं ने पहली बार एक नया प्रयोग करते हुए मध्य प्रदेश में जहां शिवराज सिंह चौहान को केंद्र में मंत्री बनाया और मध्य प्रदेश में शासन की बागडोर एक नए युवा नेता मोहन यादव के हाथों में दी तो वही राजस्थान में भी भजनलाल शर्मा जो पहली बार ही जयपुर की सांगानेर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए थे उन्हें पहली बार में ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाकर भाजपा हाई कमान ने एक बड़ा नवाचार किया इस तरह से मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों ही प्रदेशों में भाजपा हाई कमान ने जो नवाचार किया था उसके अच्छे नतीजे अब सामने भी आ रहे हैं मध्य प्रदेश में जहां भजनलाल मध्य प्रदेश और राजस्थान दोनों ही प्रदेशों में भाजपा हाई कमान ने जो नवाचार किया था उसके अच्छे नतीजे अब सामने भी आ रहे हैं मध्य प्रदेश में जहां मोहन यादव सरकार अच्छा कार्य कर रही है वही राजस्थान में भी भजनलाल सरकार के कामकाज की पूरे देश में चर्चा हो रही है इसीलिए मोहन यादव ने शनिवार को जयपुर में भजनलाल सरकार के कामकाज की जमकर प्रशंसा की।

## मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति को फोन किया, जंग में बुनियादी ढांचे पर अमेरिकी हमलों की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ फोन पर बातचीत में क्षेत्र में अहम बुनियादी ढांचे पर हो रहे हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे हमले क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डालते हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित करते हैं। साथ ही उन्होंने समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता बनाए रखने और शिपिंग मार्गों को खुला व सुरक्षित रखने के महत्व को दोहराया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात की और उन्हें ईद व नवरोज की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दोनों ने उम्मीद जताई कि यह त्योहारों का सीजन पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि लाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अहम ढांचे पर हो रहे हमलों की निंदा की गई, जो क्षेत्रीय स्थिरता को खतरे में डालते हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं। पीएम मोदी ने ईरान में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए वहां की सरकार के लगातार समर्थन की भी सराहना की। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच यह दूसरी फोन पर बातचीत थी। 12 मार्च को राष्ट्रपति पेजेशकियन ने प्रधानमंत्री मोदी को ईरान की मौजूदा स्थिति की जानकारी दी थी और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम पर अपना दृष्टिकोण साझा किया था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में बदलती सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता जताई थी और यह दोहराया था कि सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए ही होना चाहिए।

## दिया कुमारी की पहल से गणगौर की सवारी को पूरे विश्व ने लाइव दिखा, प्रदेश के पर्यटन और व्यापार जगत को होगा फायदा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने पिछले सवा दो साल में पर्यटन के क्षेत्र में जबरदस्त ऐतिहासिक कार्य किया है दिया कुमारी ने राजस्थान के प्रमुख पर्व, त्यौहार, मंदिर, कला, संस्कृति, खानपान, वेशभूषा, लोक संगीत, लोक नृत्य इत्यादि सभी को वैश्विक पहचान दिलाने में अनेक नए प्रयोग और नवाचार किए हैं जिसकी वजह से प्रदेश के पर्यटन और व्यापार जगत को ताकत मिली है इन सब प्रयासों की वजह से प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को भी काफी संबल मिला है इस बार राजधानी जयपुर में राजा महाराजाओं के जमाने से ही निकल जा रही गणगौर की सवारी को पूरे विश्व ने लाइव देखा है यह लाइव कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की नवाचार का ही परिणाम है जिसके माध्यम से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से तो गणगौर की सवारी को पूरे विश्व में दिखाया गया इसके अलावा गणगौर की सवारी का लाइव प्रसारण भी किया गया जिसे विश्व के कई देश के लोगों ने देखा है दिया कुमारी की इस पहल से निश्चित रूप से गणगौर कि इस सवारी और मेले को दुनिया भर में एक अलग पहचान मिली है हालांकि गणगौर की सवारी देखने के लिए देश और विदेश के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां जयपुर पिछले कई सालों से यहां आते रहे हैं लेकिन इस बार जिस तरह से पहली बार गणगौर की सवारी का लाइव प्रदर्शन किया गया यह अपने आप में एक अनूठा नवाचार था जिसके माध्यम से गणगौर की इस सवारी को विश्व के करोड़ों लोगों ने अपनी आंखों से देखादिया कुमारी



के इस नवाचार से निश्चित रूप से आने वाले सालों में गणगौर की सवारी को अपनी आंखों से देखने के लिए बड़ी संख्या में यहां देश और विदेश के पर्यटक पहुंचेंगे जिसकी वजह से एक तरफ जहां प्रदेश के पर्यटन को गति मिलेगी तो दूसरी तरफ व्यापार जगत से जुड़े लोगों को भी काफी फायदा होगा और इन सब की वजह से राजस्थान की आर्थिक व्यवस्था को भी काफी मजबूती मिलेगी यही दिया कुमारी की ख्वाहिश है कि प्रदेश के सभी तीज त्योहार और मेलों को वैश्विक पहचान मिले ताकि एक तरफ जहां राजस्थान की कला संस्कृति और विरासत को भारत के कोने-कोने के लोग ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों के लोग समझ सकेंगे तो दूसरी तरफ इन प्रयासों से प्रदेश की इकोनॉमी को भी काफी गति मिलेगी जानकारी के अनुसार शनिवार को गणगौर के मेले पर सिटी पैलेस में जयपुर राजघराने के पूर्व महाराजा पदमनाभ सिंह ने पूजा अर्चना करके रवाना किया पूजा अर्चना के दौरान जयपुर राजघराने के सभी सदस्य मौजूद रहे इस मौके पर जयपुर राजघराने की सदस्य और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी मौजूद रही गणगौर की यह भव्य सवारी इसमें करीब 210 लोक कलाकार शामिल है जिसमें तलवारबाजी, लोक नृत्य, संगीत प्रस्तुत करते हुए कलाकार दर्शकों को काफी रोमांचित और आकर्षित करते हुए नजर आए जयपुर के परकोटे के प्रमुख बाजारों में विदेशी पर्यटकों के बैठने के समुचित व्यवस्था की गई थी इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से चार दिवारी के प्रमु बाजरो की छत पर पर्यटकों के बैठने के लिए कुर्सियां स्थापित की गई थी




## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गोवर्धन मंदिर की पूजा अर्चना की और फॉरेस्ट कार्ट में बैठकर परिक्रमा लगाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कड़े सुरक्षा प्रबंधन के बीच शनिवार को गोवर्धन मंदिर में पूजा अर्चना की और फॉरेस्ट कार्ट में बैठकर उन्होंने गोवर्धन की परिक्रमा भी लगाई, इस मौके पर प्रदेश के जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत और गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह तथा भरतपुर डीग के जिला कलेक्टर और पुलिस महानिदेशक तथा पुलिस अधीक्षक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी की राष्ट्रपति के इस दौरे को देखते हुए प्रदेश की भजनलाल सरकार ने गिरिराज जी परिक्रमा क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे और पूरे क्षेत्र में जगह-जगह बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे तथा परिक्रमा के दौरान परिक्रमा क्षेत्र को पूरी तरह से किले बंदी में तब्दील कर दिया गया था जानकारी के अनुसार गोवर्धन परिक्रमा के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू काफी उत्साही और खुश नजर आई उन्होंने बहुत ही श्रद्धा भाव से गोवर्धन मंदिर में पूजा अर्चना की मंदिर के



पुजारी ने विधि विधान से द्रौपदी मुर्मू को पूजा अर्चना करवाई इस मौके पर सरकार की ओर से द्रौपदी मुर्मू के स्वागत के लिए राजस्थानी और पारंपरिक वेशभूषा में लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियां भी दी जिन्हें देखकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू काफी खुश और प्रभावित नजर आई। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी राष्ट्रपति की अगवानी करने के लिए आने वाले थे लेकिन उनका केरल का दौरा पहले से ही निर्धारित था इसलिए मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हुए भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी करने के लिए नहीं आ सके क्योंकि शनिवार को मुख्यमंत्री शर्मा केरल के तिरुवनंतपुरम में चुनाव प्रचार में व्यस्त थे लेकिन मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के दो बड़े मंत्रियों सुरेश सिंह रावत और जवाहर सिंह को राष्ट्रपति की अगवानी करने की जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी थी और राष्ट्रपति की गोवर्धन मंदिर में पूजा अर्चना और गोवर्धन परिक्रमा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को काफी मजबूत करने के निर्देश जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को पहले ही दे दिए थे इसलिए शनिवार को गोवर्धन मंदिर और पूरे परिक्रमा क्षेत्र में सुरक्षा के तगड़े प्रबंध देखे गए उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मोर में उत्तर प्रदेश के मथुरा दौरे पर आई हुई है इस दौरे के दौरान ही उन्होंने गोवर्धन मंदिर में पूजा अर्चना करने और परिक्रमा लगाने की इच्छा प्रकट की थी जिसके फल स्वरुप उन्होंने शनिवार को गोवर्धन मंदिर का दौरा किया मंदिर में पूजा अर्चना के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के लोगों की सुख शांति और भारत के विकास की ईश्वर से प्रार्थना की।

CMYK

अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
22 मार्च, 2026

## त्रिपोलिया महादेव मंदिर में गणगौर पूजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के ऐतिहासिक त्रिपोलिया महादेव मंदिर में गणगौर पर्व के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली, जहां विधि-विधान से माता गौरी और भगवान शिव की पूजा की गई। महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने ईसर-गौर की प्रतिमाओं के साथ मंगल गीत गाते हुए पूजा-अर्चना की। मंदिर में विशेष श्रृंगार कर भगवान शिव और माता गौरी की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। त्रिपोलिया महादेव मंदिर अलवर का एक प्राचीन और प्रमुख आस्था केंद्र है, जहां वर्षों से परंपरागत तरीके से पूजा की जाती रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। गणगौर पूजन के दौरान महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर प्रशासन द्वारा भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाएं की गईं, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके।



## बैंक ब्रांच ऑडिट पर वर्कशॉप का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी व सीए ब्रांच द्वारा बैंक ब्रांच ऑडिट पर वर्कशॉप का आयोजन आईसीएआई भवन स्कीम नंबर 8 विस्तार में किया गया। ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने मुख्य वक्ताओ व सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। ब्रांच चेयरमैन सीए विशाल वाधवा ने बताया कि आईसीएआई की प्रोफेशनल डेवलपमेंट कमेटी व सीए ब्रांच द्वारा बैंक ब्रांच ऑडिट पर विस्तार से चर्चा की इस प्रोग्राम में ख्यातिनाम स्पीकर सीए अतुल अग्रवाल द्वारा बैंक ऑडिट पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा सीए दीपिका अग्रवाल द्वारा बैंक ऑडिट में टेक्नोलोजी का उपयोग करना व साथ ही बैंक ऑडिट में प्रयोग किए जाने वाले प्रोफार्मा का प्रक्टिकल सेशन द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्रुति खंडेलवाल ने किया। प्रोग्राम के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये सचिव सीए सचिन गुप्ता द्वारा पधारे सभी आगन्तुओं का धन्यवाद दिया गया। इस कार्यक्रम मे ब्रांच के वाइस-चेयरमैन सीए आकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष सीए अंशुल मोदी, सिकासा चेयरमैन सीए हितेश सेतिया एवं कार्यकारिणी सदस्य सीए नितिन गुप्ता सहित सीए सदस्य उपस्थित हुए।

## कुंडल में मूर्ति अनावरण, महिला सम्मेलन में उमड़ी भीड़

### गणगौर पर महिलाओं को आत्मनिर्भरता का संदेश दे गईं राखी राठौर



जयपुर टाइम्स

**अलवर/दौसा(निसं.)।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौर ने दौसा जिले के कुंडल कस्बे में स्वर्गीय शंभूदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में थानागाजी विधानसभा क्षेत्र से रूबिया उपाध्याय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला शक्ति एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पश्चात दौसा सर्किट हाउस में आयोजित महिला सम्मेलन में महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीत गाकर प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया और लहरिया ओढ़ाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर राखी राठौर ने गणगौर के पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व नारी शक्ति और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान करते हुए लखपति दीदी योजना, रसोई घर बजट एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मधु शर्मा, दीपिका विपिन, नैन्सी जांगिड़, शीला देवी, सीमा शर्मा, हंसराज मीणा, मुकेश मुहाना सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## करणी माता मेले में पुलिस की सख्ती, 31 मनचले गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** करणी माता मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मेले में आने-जाने के दौरान शांति भंग करने वाले 31 मनचलों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) ने बताया कि यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका एवं सहायक पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवानी (आई.पी.एस.) के नेतृत्व में की गई। पुलिस थाना विजय मन्दिर की थानाधिकारी प्रेमलता के निर्देशन में एंटी रोमियो स्क्वॉड एवं कालिका पेट्रोलिंग टीम ने संयुक्त रूप से मेले क्षेत्र में निगरानी रखी। इस दौरान शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले 31 मनचलों को चिन्हित कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मेले में अनुशासन बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

## 3 साल में 6 एसपी... अब बदलेगा हाल?

# इंटेलिजेंस मास्टर' सतवीर सिंह ने संभाली कमान, नशा-माफिया पर पहला वार

### पदभार लेते ही सख्त संदेश- 'अपराधियों में खौफ, आमजन में विश्वास; नशे की चेन तोड़ना और अवैध धंधों पर नकेल प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स

**कोटपुतली/विराटनगर(निस)।** लगातार बदलते नेतृत्व के दौर से गुजर रहे कोटपुतली-बहरोड़ जिले को आखिरकार नया पुलिस कप्तान मिल गया है। वर्ष 2015 बैच के आईपीएस अधिकारी सतवीर सिंह ने जिले के एसपी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। खास बात यह है कि जिले के गठन के बाद महज तीन वर्षों में वे यहां के छठे एसपी हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था को स्थिर करना उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती है।

पदभार संभालते ही सतवीर सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि उनका फोकस 'अपराध मुक्त जिला' और 'पारदर्शी पुलिसिंग' पर रहेगा। उन्होंने दो टूक कहा कि नशे के नेटवर्क को तोड़ना और माफियाओं पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



### क्रिमिनल मैपिंग और स्पेशल ऑपरेशन की तैयारी

जिले में अपराधियों के बढ़ते हौसले पर लगाम लगाने के लिए पुलिस 'क्रिमिनल मैपिंग' कर रही है। आदतन अपराधियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने कहा– 'या तो अपराध छोड़ेंगे, या सलाखों के पीछे होंगे।

### अवैध खनन और भू-माफियाओं पर संयुक्त कार्रवाई

अवैध खनन और भू-माफियाओं के खिलाफ राजस्व विभाग सहित अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर जॉइंट टास्क फोर्स बनाई जाएगी। उन्होंने साफ किया कि किसी भी तरह का राजनीतिक या बाहरी दबाव कार्रवाई में आड़े नहीं आने दिया जाएगा।

### यातायात सुधार के लिए सख्ती और जागरूकता साथ-साथ

सड़क हादसों को रोकने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर अभियान चलाया जाएगा। ओवरस्पीडिंग और नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां सुधार कार्य भी करवाए जाएंगे।

### इंटेलिजेंस और फील्ड का अनुभव बनेगा ताकत:

सतवीर सिंह इससे पहले जयपुर में एसपी इंटेलिजेंस के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा वे एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वर्ष 1998 में आरपीएस के रूप में सेवा शुरू कर आईपीएस तक पहुंचे सिंह के पास खुफिया और फील्ड दोनों का लंबा अनुभव है। यही अनुभव अब जिले की सुरक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने में अहम माना जा रहा है।

### 'जीरो टॉलरेंस '-रसूखदार अपराधी भी नहीं बचेंगे

एसपी ने साफ कहा कि अपराधी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर कोई नहीं है। अवैध खनन और मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई के लिए विशेष स्ट्राइक फोर्स गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ और आमजन में विश्वास पैदा करना ही असली पुलिसिंग है।

### महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम पर फोकस:

महिला सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए एसपी ने संवेदनशील क्षेत्रों में 'पिंक पेट्रोलिंग' बढ़ाने और एंटी-रोमियो स्क्वाड को सक्रिय करने की बात कही। साथ ही साइबर अपराधों पर अंकुश के लिए पुलिस टीम को तकनीकी रूप से और मजबूत किया जाएगा, ताकि ऑनलाइन ठगी के मामलों में तुरंत कार्रवाई हो सके।

### जनता से सीधा संवाद, थानों में बदलेगा व्यवहार:

पुलिस-जनता के बीच बढ़ती दूरी को कम करने के लिए 'जन-संवाद' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि थानों में आने वाले हर फरियादी के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। उन्होंने चेतावनी दी– 'किसी भी पुलिसकर्मी के दुर्व्यवहार पर सख्त कार्रवाई होगी। '

### जनता से अपील-सूचना दें, पहचान रहेगी गुप्त

एसपी ने जिलावासियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। सतवीर सिंह का इंटेलिजेंस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का अनुभव जिले में खुफिया तंत्र को मजबूत करेगा। इससे नशे के सौदागरों और संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है।

## किसान यूनियन की समीक्षा बैठक आयोजित

# अमेरिका व्यापार समझौते का विरोध, किसानों के हितों से समझौता नहीं होगा- किसान यूनियन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की जिला इकाई की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पं. रोहित शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय सिंह नरूका ने की। बैठक में प्रभारी सुरेंद्र सिंह, प्रदेश महामंत्री अजय ताखड़, प्रदेश संयोजक दिव्येंदु शर्मा, जिला डीग अध्यक्ष बंटी, प्रवक्ता रोहिताश जाटव, प्रदेश प्रवक्ता वासिद खान मेवाती, सरपंच सदीक अशोक हालू, शाकिर खान तौफिक, जगन्नाथ गोयल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ईद की मुबारकबाद के साथ की गई, जहां सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आपसी सौहार्द का परिचय देते हुए हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया। बैठक के दौरान संगठन ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते का विरोध जताया। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे भारतीय कृषि व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। किसान नेताओं का कहना है कि ऐसे समझौते देश की खेती, बीज, दुग्ध उत्पादन और छोटे किसानों की आजीविका के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना किसानों की सहमति और व्यापक चर्चा के कोई भी व्यापार समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि इस समझौते के माध्यम से आयात को बढ़ावा देकर घरेलू कृषि को कमजोर किया गया, तो इसके गंभीर और दूरगामी परिणाम होंगे। किसान यूनियन ने सरकार से मांग की है कि वह स्पष्ट करे कि उसकी प्राथमिकता देश के किसानों का भविष्य है या विदेशी कंपनियों के हित।

## साइबर संग्राम अभियान 2.0 में बड़ी सफलता:

# फर्जी सेना अधिकारी बनकर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'साइबर संग्राम अभियान 2.0' के तहत ऑनलाइन ठगी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना नौगावां पुलिस ने एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन मय सिम भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी (आई.पी.एस.) ने बताया कि जिले में ऑनलाइन ठगी, सेक्सटॉर्शन, ओएलएक्स फ्रॉड, म्यूल अकाउंट, फर्जी एटीएम और फर्जी सिम जैसे साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) डॉ. प्रियंका के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई है। टीम द्वारा लगातार साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी हितेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आसूचना तंत्र व तकनीकी साधनों की सहायता से गांव बहरीपुर के जंगलों में दबिश देकर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक आदि पर पुराने वाहन (स्कूटी, मोटरसाइकिल) सस्ते दामों में बेचने के फर्जी विज्ञापन पोस्ट करता था। इसके बाद वह व्हाट्सएप पर लोगों से संपर्क कर खुद को भारतीय सेना का अधिकारी बताता और स्थानांतरण का बहाना बनाकर जल्दबाजी में वाहन बेचने का झांसा देकर ऑनलाइन पैसे ऐंठ लेता था। गिरफ्तार आरोपीः शाहरुख पुत्र अली मोहम्मद (उम्र 33 वर्ष), निवासी चिडवा, थाना नौगावां, जिला अलवर। पुलिस टीमः हितेश शर्मा (थानाधिकारी), लक्ष्मण सिंह (उपनिरीक्षक), रविन्द्र (कांस्टेबल 2162), जफ्फर (कांस्टेबल 2172), ओमप्रकाश (कांस्टेबल 2561)। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है।

# विधायक महंत बालकनाथ योगी ने की जनसुनवाई, विकास कार्यों पर दिया जोर

### मातृशक्ति की उपासना के साथ उनके संरक्षण का भी लें संकल्प - योगी



जयपुर टाइम्स

**तिजारा(निसं.)।** विधायक महंत बालक नाथ योगी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र भिवाड़ी, टपूकड़ा एवं तिजारा में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने नवसंवत्सर एवं नवरात्रि पर्व की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। जनसुनवाई के दौरान विधायक ने कहा कि प्रदेश में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बिजली एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सतत प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाती है।

विधायक ने कहा कि जनता के बीच उपस्थित रहकर उनकी समस्याओं को सुनना उनकी प्राथमिकता है। जनहित से जुड़े मुद्दों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### नवरात्रि पर दिया विशेष संदेश

महंत बालकनाथ योगी ने नवरात्रि को मातृशक्ति की उपासना का महापर्व बताते हुए कहा कि समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति संकल्पित रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नारी सम्मान और संरक्षण ही सनातन संस्कृति का मूल आधार है। और उन्होंने जानकारी दी कि रविवार को वे अलवर स्थित बाबा मस्तनाथ जनसेवनम् भवन में प्रातः 8 से 10 बजे तक आमजन से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात वे बरसाना में प्रेम सरोवर भूमि पूजन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिव्य शिविर का समापन श्री श्री 1008 भगवान महाराज के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम की शैक्षिक प्रशिक्षक गोविंद नारायण बराला की। इस कार्यक्रम में मंच संचालन चौथमल कुमावत ने किया।झ्र सात दिवसीय शिविर में अधिकारी मुकेश महला, सह प्रभारी कैलाश चंद्र गुर्जर के नेतृत्व में छात्रों ने सामूहिक भोजन बनाना, योग शारीरिक व्यायाम, धार्मिक प्रवचन, विद्यालय रंग रोगन, लकड़ी के अभ्यास, चार दिवारी सुरक्षा, विद्यालय फर्नीचर कार्यक्रम, विद्यालय सौंदर्य प्रसाधन, समूह पर प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रार्थना सभा स्थल का रंग रोगन, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध विवरण, चार्ट सूची, साफ के स्वच्छता, स्वस्थ्य पादरियों का आहार। शिविर के दौरान छात्रों को डिजिटल अरेस्ट, डिजिटल डायमेंशन, नशामुक्ति, सड़क, स्वास्थ्य, साई क्रीम, सामाजिक सुरक्षा, बढ़ते अपराध के प्रति जागरूकता, जल प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, प्लास्टिक क्षति, पर्यावरण संरक्षण, कचरा संरक्षण, प्राकृतिक




संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके, छात्र अभ्यारण्य और सामाजिक आदि के बारे में अलग-अलग कंपनियों की ओर से सुझाव दिए गए। शिविर का समापन महाराज और फ़ायदेमंद छात्रों ने किया। विद्यालय के कार्यकलापों के प्रबंधक और सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह पद पर नियुक्त किया गया। शिविर के दौरान उप-चिकित्सक तेजपाल मुंड राजबाला, अर्पणा व्याख्याता बीना, एण्टीना,आची, कृष्णा मीनार, सुरस्विन, श्रवण, मुकेश पापतवन, मुकेश यादव, पवन वीरू, दीपांशु, अभिलाषा, मनीषा, लामा, राजपाल, कृष्णा आदि सभी का अमूल्य योगदान रहा।

# राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने जोबनेर और झोटवाड़ा में विकास कार्यों के लिए की विधायक कोष से 1.75 करोड़ रुपए की घोषणा की

**जयपुर(निस)।** जोबनेर के श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय तथा झोटवाड़ा में आयोजित कार्यक्रमों में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने जोबनेर और पीथावास में विकास कार्यों के लिए विधायक कोटे से 1.75 करोड़ रूपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस अवसर पर आरपीएससी एवं यूपीएससी में सफल जोबनेर की मेधावी छात्राओं का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा के माध्यम से समाज को नई दिशा



दे रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की उन्नति के लिए हर वो काम संभव बनाया है जिससे वे आगे बढ़े, इसके लिए उन्हें जितना धन्यवाद किया जाए वो कम है। राठौड़ ने कहा संगठन महत्वपूर्ण होते हैं।उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से मुझे यहां की जिम्मेदारी मिली है उसी की वजह से ही आज हर गांव-पंचायत में सड़कों का निर्माण हो पाया है। सड़कें जब गांवों में पहुंचती हैं तो पूरे समाज का विकास होता है। उन्होंने कहा कि जोबनेर अब एक एजुकेशन सेंटर के रूप में पहचान बना चुका है। उन्होंने बताया कि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की गई थी, उन्हें मुआवजा दिया जा चुका है, साथ ही अतिरिक्त 7 करोड़ रुपये की सहायता भी दी गई है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने विधायक कोटे से बस्सी-झाझरा के लिए विकास कार्यों के लिए घोषणा की, इससे सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। एमएलए लेड से 1.75 करोड़ की सहायता राशि देने की घोषणाएं कीं। झोटवाड़ा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गांव-पंचायत से लेकर शहर और राज्य तक बदलाव अब साफ नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़कों और स्कूलों में लगातार वृद्धि हो रही है। राठौड़ ने प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अधिकारियों ने विकास कार्यों में पूरी निष्ठा से योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधि, सरकार और प्रशासन के बीच सही तालमेल होता है, तो विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में झोटवाड़ा क्षेत्र में सड़कों का निर्माण किया गया है। अब क्षेत्र में सीवेज, ड्रेनेज और सड़क व्यवस्था बेहतर हो चुकी है, जिससे जलभराव और यातायात की समस्याओं में काफी कमी आई है। जहां पहले पानी भरता था, वहां अब सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है

## आमेर सैटेलाइट अस्पताल की दीवार गिरने से हड़कंप मचा, ठेकेदार के खिलाफ लोगों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के आमेर सैटेलाइट अस्पताल की दीवार गिरने के बाद मौके पर मौजूद लोगों में खलबली मच गई। हालांकि इस घटना में जान माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दुर्घटना में दीवार की निर्माण करने वाले ठेकेदार की लापरवाही और भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया लेकिन ठेकेदार के निर्माण कार्यों की किसी ने निगरानी नहीं की इसकी वजह से यह इतना बड़ा हादसा हुआ। यह तो गनीमत रही की दीवार गिरने के दौरान मौके पर कोई मौजूद नहीं था अन्यथा यहां किसी की जान भी जा सकती थी। जानकारी के अनुसार इस अस्पताल की दीवार का निर्माण कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत किया गया था । सूचना मिलने के बाद प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और चिकित्सा विभाग के बड़े अधिकारी भी इस मामले को लेकर अब काफी गंभीर नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार अब इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जा सकती है। निर्माण में उपयोग में लाई गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच भी की जा सकती है और दोषी पाए जाने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड के अलावा उसके खिलाफ ठोस कार्रवाई भी की जा सकती है ।जानकार लोगों का कहना है कि आमेर सैटेलाइट अस्पताल में पिछले कुछ सालों से मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है यहां बड़ी संख्या में रोजाना मैरिज आउटडोर में उपचार के लिए आते हैं। हालांकि जहां तक अस्पताल में व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने का विषय है इस मामले में अभी अस्पताल में बहुत सी जरूरतमंद उपकरण और यंत्रों की यहां आवश्यकता है इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से लगातार उच्च अधिकारियों को अवगत भी करवाया गया है लेकिन इसके बावजूद भी यहां बड़ी संख्या में मरीज रोजाना उपचार के लिए आते हैं लेकिन जिस तरह से इस अस्पताल की दीवार गिरी है उसको लेकर स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा छाया हुआ है ।

## कोटपूतली में ऊंट तस्करी के मामले का पर्दाफाश, एक ट्रक में भरे हुए थे 27 ऊंट

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कोटपूतली में पुलिस ने ने ऊंट तस्करी के एक बड़े मामले का पर्दाफाश किया है इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को अरेस्ट भी किया है। गिरफ्तार लोगों से पुलिस की पूछताछ जारी है पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बरामद किए गए 27 ऊंट बाड़मेर से प्रदेश के मेवात नूह इलाके में भिजवाए जा रहे थे लेकिन इससे पहले ही कोटपूतली पुलिस ने सजगता दिखाते हुए ट्रक में भरे हुए सभी 27 ऊंट बरामद कर लिए हैं । पुलिस बरामद किए गए सभी 27 ऊंट के बारे में संपूर्ण जानकारी जुटा रही है बरामद किए गए सभी ऊंट कहां से किस-किस इलाके से और किस-किस ऊंट मालिक से खरीद कर ले गए हैं और किसी कीमत पर इन ऊंट को खरीदा गया या फिर यह ऊंट कहीं चोरी के तो नहीं है इन सब सवालों के पुलिस जवाब हासिल करने का प्रयास कर रही है। इसके अलावा बरामद किए गए ऊंट किसको सप्लाई होने थे और इन ऊंट को किस मकसद से मेवात लाया जा रहा था इसके बारे में भी पूछताछ की जा रही है। जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में ऊंट तस्करी के मामले कभी ज्यादा देखने को नहीं मिले लेकिन जिस तरह से बड़ी संख्या में इन ऊंट को बरामद किया गया है। उससे ऐसा दिख रहा है कि अब तस्कर ऊंट तस्करी के धंधे में भी कदम रख चुके हैं ऊंट पश्चिमी रेगिस्तान का जहाज माना जाता है पश्चिमी रेगिस्तान में ऊंट की अपनी अलग ही उपयोगिता है। यह कई दिनों तक रेगिस्तान में बिना पानी पिए रह सकता है और रेत के धोरों में कई किलोमीटर तक एक ही दिन में पैदल चल सकता है इसलिए पश्चिमी राजस्थान में रहने वाले लोग ऊंट अपने घरों में जरूर रखते हैं जो उनकी आजीविका का भी साधन है और उनके एक जगह से दूसरी जगह जाने में भी साधन के रूप में बड़ी भूमिका निभाता है लेकिन मेवात क्षेत्र में ऊंट का आना कहीं ना कहीं ऐसा दर्शाता है कि कहीं ऊंट को वध के लिए तो नहीं लाया गया था इसलिए पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है प्रारंभिक पूछताछ में बरामद किए गए ऊंट बाड़मेर के बालोतरा से ट्रक में भरे गए थे ।

## डीग में दो पक्षों में हिंसक भिड़ंतः भीषण पत्थरबाजी, पांच लोग गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** डीग के ब्रजनगर में ईद के पावन अवसर पर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के दो पक्षों के बीच आपस में हिंसक भिड़ंत हुई दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे के मकान पर पत्थर की बरसात की इस हिंसक टकराव में कुछ लोगों के चोट भी आई है। काफी देर तक दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के ऊपर पत्थर फेके गए जिसकी वजह से मौके पर तनाव के हालात पैदा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है । खबर लिखे जाने तक मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई थी लेकिन पुलिस ने पूरी तरह से स्थिति को नियंत्रण में किया हुआ था। जानकारी के अनुसार मुस्लिम समुदाय के दोनों पक्षों के बीच रास्ते में एक मोटरसाइकिल के खड़ी होने पर विवाद हो गया थोड़ी देर तक दोनों पक्षों के लोगों में आपस में कहा सुनी होती रही कहा सुनी के दौरान ही दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को गाली गलौज करने लगे इस दौरान ही मामला काफी गर्म हो गया और दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे तथा अपने-अपने मकान पर जाकर एक दूसरे पर पत्थर फेंकने लगे जिसकी वजह से मोहल्ले में मौजूद महिलाओं और छोटे बच्चों में दहशत छा गई । शनिवार को ईद का त्यौहार होने की वजह से प्रदेश और देशभर में जहां मुस्लिम समुदाय के लोग आपस में एक दूसरे के गले मिल रहे थे वही दूसरी तरफ ब्रजनगर में मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे पर हमला बोलते हुए दिखाई दिए हालांकि पुलिस ने इस पूरे मामले में पांच लोगों को अरेस्ट किया है दोनों ही पक्षों की ओर से एक दूसरे के खिलाफ पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया गया है ।

## मस्जिद में हकीम को आग लगाकर फरार हुए मौलाना को पाली जिले में सोजत के नजदीक पुलिस ने दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** प्रदेश के टोंक जिले के डिग्गी थाना इलाके में पिछले दिनों कलमंडा मस्जिद के बाथरूम में एक हकीम को बंद करके उसे आग के हवाले करके फरार हुए मौलाना को पुलिस ने पाली जिले के सोजत के नजदीक दबोच लिया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस ने आधिकारिक रूप से मौलाना को पकड़ने की पुष्टि नहीं की थी लेकिन पुलिस के सूत्रों के मुताबिक मौलाना को पकड़ लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कल मंडा मस्जिद के बाथरूम में मौलाना ने हकीम को बंद किया और फिर हकीम के उसने आग लगा दी जिसकी वजह से हकीम की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक सनसनीकेज हत्याकांड के बाद आरोपी मौलाना मौके से भाग गया पुलिस की जांच पड़ताल में सामने आया है की मस्जिद के बाहर एक ग्रामीण की बाइक खड़ी हुई थी इस बाइक की मदद से वह मौके से फरार हुआ। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौलाना की तलाश में कई जगहों पर टीम भेजी मौलाना जोधपुर के बिलाड़ा का रहने वाला था वहां भी पुलिस ने एक टीम भेजी लेकिन बिलाड़ा में मौलाना नहीं मिला इसके बाद पुलिस लगातार अपनी जांच को आगे बढ़ा रही थी और लगातार मौलाना का मिले संकेतों के आधार पर पीछा कर रही थी इस दौरान पुलिस ने पाली जिले के सोजत के नजदीक मौलाना को अब पकड़ लिया है।

# आवश्यक वस्तुओं की कमी नहीं तो दाम क्यों बढ़ा रही सरकार?- टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा विपक्ष की कार्यशैली पर टीका टिप्पणी को तथ्यों से परे बताया है । जूली ने कहा है कि देश का विपक्ष तो अपना काम बखूबी कर रहा है लेकिन सत्ता पक्ष ही मुद्दों से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को ही बोलने से रोक रहे हैं तो कैसे चर्चाएं और बहस सार्थक हो पाएगी? संसद में हंगामे को लेकर जूली ने भाजपा को याद दिलाया है कि संभवतः मदन राठौड़ को याद नहीं है कि भाजपा के स्वर्गीय नेता अरुण जेटली ने कहा था कि संसद में गतिरोध होना लोकतंत्र के पक्ष में होता है तथा संसद का बाधित होना अलोकतांत्रिक नहीं है। सुषमा स्वराज ने भी कहा था कि संसद को न चलने देना भी अन्य रूपों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है। उन्होंने राठौड़ को सलाह दी कि पहले अपने



नेताओं के कथन और विचारों को गूगल पर जांच लें फिर कांग्रेस पर आरोप लगाएं। मदन राठौड़ के इस कथन कि भारत में आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारें पूरी तरह सतर्क हैं और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी पर आड़े हाथों लेते हुए जूली ने कहा कि जिस वक्त राठौड़ ऐसी बयानबाजी कर रहे थे ठीक उसी समय प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ा दी गई हैं । वहीं अभी पिछले दिनों ही घरेलु और कमर्शियल गैस के सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि की गई थी। कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी यदि आने वाले दिनों में साधारण पेट्रोल - डीजल के दाम भी बढ़ा दिए जाएँ। उन्होंने कहा कि मुद्दों से भागना भाजपा की ट्रेडमार्क पालिसी है और मदन राठौड़ से सवाल किया कि यदि कमी नहीं है तो फिर क्यों पहले एलपीजी के दाम बढ़ाए गए और अब प्रीमियम पेट्रोल के दामों में इज़ाफ़ा किया गया है ? नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि समस्या को स्वीकरना हल निकालने की तरफ पहला कदम होता है लेकिन यदि सरकार स्वीकारेंगी नहीं कि खाड़ी में चल रहे युद्ध के कारण भारत में आवश्यक वस्तुओं की कमी हो सकती है तो वो उसके निराकरण का काम कैसे करेंगे ? उन्होंने कहा कि समस्या सामने देखकर शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर छुपा लेना भाजपा की आदत है और चाहे कोरोना का समय रहा हो या अब ये युद्ध ,भाजपा सरकार का काम सदैव ही असलियत से मुंह मोड़कर आमजन को भ्रमित करने का रहा है।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दी मुबारकबाद :अलवर जिले के नया बास क्षेत्र में आज ईद का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली विशेष रूप से मौके पर पहुंचे और क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान माह के समापन के बाद आने वाली ईद आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देती है। यह त्योहार हमें मिल-जुलकर रहने और समाज में सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। टीकाराम जूली ने सभी से आपसी भाईचारा मजबूत रखने और समाज में शांति व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए खुशहाली और तरक्की की कामना की। ईद के मौके पर क्षेत्र में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं।

## चांदी 6000 और सोना 3000 रुपए हुआ सस्ता, चांदी 231000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में पिछले कुछ दिनों से चांदी और सोने की कीमत में लगातार गिरावट आ रही है। मिडिल ईस्ट में युद्ध होने और फिलहाल शादियां भी रुकी हुई है इसलिए सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कुछ दिनों से भारी गिरावट देखने को मिली है। शनिवार को चांदी 6000 और सोना 3000 रुपए सस्ता देखने को मिला शनिवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी के भाव 231000 रुपए निर्धारित थे तथा शुद्ध सोना 148000 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 138500 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था । गौरतलब है कि पिछले 5-6 दिन से चांदी और सोने की कीमत में रोजाना लगातार गिरावट देखने को मिल रही है हालांकि इस तरह सोने और चांदी की कीमत में गिरावट का दौर पहले भी कई बार देखने को मिला। जब कई दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में रोजाना गिरावट होती रही और फिर अचानक ही इनके दाम में रोजाना बढ़ोतरी भी देखने को मिले। इसीलिए जयपुर सराफा बाजार में पिछले कई महीनो से सोने और चांदी की कीमत में अस्थिरता का वातावरण बना हुआ है जिसकी वजह से जो लोग पहले सोने और चांदी में इन्वेस्ट किया करते थे उन सब ने भाव में अस्थिरता होने की वजह से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने से अपने कदम पीछे हटा लिए है। क्योंकि बार-बार इनके दाम में कभी वृद्धि होना और कभी गिरावट होना देखकर यह लोग यह सोचते हैं कि उनकी पूंजी कहीं डूब ना जाए इसलिए सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की बजाय यह लोग अब जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट करने में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं ।इसके अलावा अभी फिलहाल




शादियों की तारीख भी ज्यादा नहीं है इसलिए सोने और चांदी के आभूषण तैयार करवाने के लिए लोग जयपुर सराफा बाजार में नहीं आ पा रहे ।इन सब की वजह से सोने और चांदी की डिमांड कम हुई है इसलिए जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोग भी कारोबार ठीक नहीं होने से थोड़े विचलित जरूर नजर आ रहे हैं ।जयपुर सराफा बाजार से जुड़े लोगों का कहना है कि आजकल जयपुर सराफा बाजार में ज्यादातर लोग पुरानी चांदी बेचकर उन पैसों से सोने चांदी के आभूषण खरीदना ज्यादा पसंद करते हैं इसलिए जिनके पास पुरानी चांदी है वह पुरानी चांदी के बदले ब्याह शादियों के लिए सोने चांदी के नए आभूषण खरीद रहे हैं इसके अलावा पहले ज्यादातर लोग गिफ्ट देने में चांदी के सिक्के ज्यादा उपयोग में लिया करते थे लेकिन चांदी की कीमत पहले की तुलना में काफी ज्यादा हो गई है जो सिक्का पहले100 रुपए के आसपास आता था वह सिक्का अब 600 से 700 में आ रहा है इसलिए लोग छोटी-छोटी खुशी के मौके पर भी पहले जहां चांदी के सिक्के अपने प्रिय लोगों को गिफ्ट में दिया करते थे वह अब चांदी के सिक्के गिफ्ट में नहीं दे पा रहे इसलिए चांदी की चमक के आगे लोगों की ख्वाहिश फीकी पड़ गई है ।

## पूर्व सांसद और पूर्व विधायक विष्णु मोदी का निधन, औद्योगिक और शिक्षा जगत में शोक की लहर छाई

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अजमेर के पूर्व सांसद विष्णु मोदी का शनिवार को निधन हो गया मोदी के निधन के बाद प्रदेश के शिक्षा और औद्योगिक जगत से जुड़े लोगों में शोक की लहर छा गई मोदी अजमेर में 1984 से 1989 तक सांसद रहे थे इसके अलावा पुष्कर और मसूदा से वे विधायक भी रहे थे मोदी जमीन से जुड़े हुए नेता माने जाते थे उनकी जमीनी पकड़ काफी मजबूत थी और उन्होंने लोगों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में अपने स्तर पर कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी थी इसके अलावा रोजगार सृजन और शिक्षा के क्षेत्र में भी उनके कार्य काफी उल्लेखनीय थी विष्णु मोदी नीरजा मोदी स्कूल के संस्थापक भी रहे थे द्य जानकारी के अनुसार विष्णु मोदी लंबे समय से बीमार चल रहे थे और शनिवार को उन्होंने अंतिम सांस ली मोदी एक श्रेष्ठ जनप्रतिनिधि रहने के अलावा शिक्षा और उद्योग जगत में भी उन्होंने काफी नाम कमाया मोदी खनन व्यवसाय से भी जुड़े हुए थे जयपुर के लाल कोठी शमशान घाट पर सैकड़ो लोगों की मौजूदगी में विष्णु मोदी का शनिवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया मोदी के अंतिम संस्कार में नीमकाथाना और सीकर जिले के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में जयपुर आए और अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई दी मोदी के निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक प्रकट किया है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कानून मंत्री जोगाराम पटेल पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक राजेंद्र पारीक पूर्व सांसद सुभाष महरिया, पूर्व विधायक नंदकिशोर महरिया सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर सहित शिक्षा जगत और औद्योगिक जगत से जुड़े कई हस्तियों ने मोदी के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है

## भाजपा का प्रशिक्षित कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करने में सक्षमः मदन राठौड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा का प्रशिक्षित कार्यकर्ता हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। भारतीय जनता पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की एक सतत और नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। समय-समय पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं नए जुड़े सदस्यों के साथ बैठकें आयोजित की जाती हैं, जिनमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाती है तथा उनके अनुभवों और सुझावों को साझा किया जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा की कार्यप्रणाली, विचारधारा और राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव से अवगत कराया जाता है। राष्ट्र पहले, पार्टी बाद में और व्यक्ति सबसे अंत में की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं। इस क्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रेरित प्रशिक्षण महाअभियान देशभर में संचालित हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सदैव चुनाव के लिए तैयार रहती है। चुनाव की तिथि घोषित करना निर्वाचन आयोग का कार्य है, और जैसे ही आचार संहिता लागू होती है, पार्टी पूर्ण रूप से चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय हो जाती है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर युद्ध के प्रभाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी युद्ध से वैश्विक स्तर पर नुकसान होता है, लेकिन भारत में आवश्यक



वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारें पूरी तरह सतर्क हैं और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह कृत्रिम कमी का माहौल बनाकर अफरा-तफरी फैलाने का प्रयास करता है, जबकि वास्तविकता में आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सभी को मिलकर देशहित में कार्य करना चाहिए और जनता की आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए।

## जयपुर ग्रामीण एसपी पद पर आईपीएस हनुमान प्रसाद मीणा ने संभाला कामकाज, मीणा को गॉड ऑफ़ ऑनर दिया गया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिला ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर आईपीएस हनुमान प्रसाद मीणा ने शनिवार को कामकाज संभाल लिया। इस मौके पर मीना को पुलिस कर्मियों ने गॉड ऑफ़ ऑनर से सम्मानित किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीणा ने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में मीणा ने जिले में कानून और शांति व्यवस्था से जुड़े विषयों पर चर्चा की जिले में विभिन्न तरह के अपराधों के आंकड़ों की जानकारी हासिल की और अधीनस्थ अधिकारियों को पुलिस मुख्यालय से मिले निर्देश के अनुसार कार्य करने के लिए प्रेरित किया, मीणा ने अधीनस्थ अधिकारियों से कहा कि पुलिस और आमजन के बीच नियमित रूप से संवाद और संपर्क रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन को मित्र और परिवार की तरह ही समझकर कार्य करेगी तो लोग भी पुलिस को उतना ही प्यार और सम्मान देंगे। उल्लेखनीय है कि हनुमान प्रसाद मीणा जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त होने से पहले जयपुर शहर पश्चिम में डीसीपी पद पर नियुक्त थे इसके अलावा मीणा कई अन्य जिलों में भी पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त रह चुके हैं जयपुर पश्चिम में डीसीपी पद पर नियुक्त रहने के दौरान मीणा ने इलाके में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में अच्छी भूमिका निभाई । इसके अलावा इलाके में अपराधिक घटनाओं में भी काफी कमी आई मीणा ने विभिन्न पुलिस स्टेशन में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके निदान



करने का प्रयास किया। जिसको लोगों ने काफी पसंद किया इसलिए अब जयपुर जिला ग्रामीण भी एक महत्वपूर्ण इलाका है यहां बड़ी संख्या में पुलिस स्टेशन भी हैं तो दूसरी तरफ कई बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग इलाके से होकर गुजरते हैं इसलिए जयपुर ग्रामीण इलाके में पुलिस के सामने हमेशा ही बड़ी चुनौती रहती है लेकिन नए एसपी हनुमान प्रसाद मीणा ने पुलिस की नौकरी में काफी लंबा समय बिताया है। कई जिलों के पुलिस अधीक्षक पद पर नियुक्त रहे हैं इसके अलावा कई जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर भी नियुक्त रहे हैं कई बड़े-बड़े मामलों को इन्होंने सुलझाया है इसलिए माना जा रहा है कि जयपुर जिला ग्रामीण में राशि डोगरा ने जो अच्छा पुलिसिंग में करके दिखाया है उन कार्यों को मीणा बरकरार रखेंगे ।

## जयपुर में आईटी कंपनी के दो मालिकों का अपहरण, एक करोड रुपए की फिरौती की डिमांड

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में मानसरोवर में इस्कॉन मंदिर के पास कार में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने आईटी कंपनी के दो मालिकों का अपहरण कर लिया अपहरण करने के बाद बदमाश करीब 11 घंटे तक अगवा व्यक्तियों को घूमते रहे और बाद में गलता जी के जंगल में अगवा व्यक्ति को कार में छोड़कर फरार हो गए पुलिस पीड़ित आईटी कंपनी के मालिक राहुल और दिनेश के बयानों के आधार पर फरार बदमाशों को चिन्हित करने का प्रयास कर रही है इसके लिए पुलिस की कई टीमों को मिले संकेतों के आधार पर भेजा गया है खबर लिखे जाने तक बदमाश पुलिस की पकड़ से बाहर थे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी जयपुर में अपहरण की यह वारदात गुरुवार की शाम करीब 6:00 बजे गठित हुई जब मानसरोवर में इस्कॉन मंदिर के पास आईटी कंपनी का संचालन करने वाले राहुल और दिनेश के पास एक कॉल आया जिसमें फोन करने वाले व्यक्तियों ने यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ़ ट्रेजरी में निवेश करने की बात कही जिस पर राहुल और दिनेश ने उन्हें इस्कॉन मंदिर के पास आने को कहा जिस पर कार में सवार आधा दर्जन बदमाश राहुल और दिनेश के कहे अनुसार मौके पर आए इसके बाद बदमाशों ने राहुल और दिनेश को जबरन अपनी कर में बिठा लिया बदमाशों ने राहुल और दिनेश को जबरन गाड़ी में बिठा लिया और फिर उन्हें गोनेर हिंगोनिया गौशाला इंदिरा गांधी नगर को नागोरियां कानोता बस्सी इत्यादि इलाकों में इधर-उधर घूमाते रहे इस दौरान राहुल और दिनेश को अपनी गाड़ी में बिठाने के बाद बदमाशों ने राहुल और दिनेश के परिजनों से एक करोड़ रुपए की फिरौती की मांग की और कहा कि राहुल और दिनेश उनके कब्जे में हैं अगर उनकी जिंदगी की सलामती चाहते हो तो एक करोड़ रुपए की व्यवस्था करो इसके बाद परिजनों ने तुरंत जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित किया सूचना मिलने के बाद जयपुर पुलिस ने जयपुर के सभी इलाकों में कड़ी नाकाबंदी शुरू की और जयपुर से जुड़े सभी राजमार्गों पर भी पुलिस की निगरानी को तेज कर दिया गया इस दौरान सबसे अच्छी बात यह रही कि अपहरण करने के बाद पीड़ित राहुल और दिनेश का मोबाइल फोन चालू था जिसकी वजह से पुलिस राहुल और दिनेश के मोबाइल फोन की लोकेशन के आधार पर बदमाशों का पीछा करती रही इस दौरान जीपीएस सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे की जांच के आधार पर भी पुलिस बदमाशों की गाड़ी का पीछा करती रही हालांकि करीब 11 घंटे तक राहुल और दिनेश को अपने कब्जे में रखने के बाद बदमाश राहुल और दिनेश को गलता जी के जंगल में छोड़कर फरार हो गए अपहरण की इस वारदात ने यह साबित कर दिया है की राजधानी जयपुर पर अब बड़े-बड़े गैंगस्टर और संगठित अपराध गिरोह से जुड़े लोगों की नजर टिकी हुई है इसलिए पुलिस को अब बड़े-बड़े गैंगस्टर ग्रुप से जुड़े सदस्यों और संगठित अपराध ग्रुप से जुड़े सदस्यों की गतिविधियों पर नियमित रूप से निगरानी रखना बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि राजधानी जयपुर में पिछले कुछ सालों में कई बड़ी-बड़ी कंपनियों के दफ्तर यहां खुले हैं व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही है सड़क रेल और वायु कनेक्टिविटी मजबूत होने की वजह से जयपुर अब व्यापारिक केंद्र के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है इसलिए आईटी कंपनी के इन दो मालिकों का जिस तरह से अपहरण किया गया यह दिखाता है कि हफ्ता वसूली और फिरौती जैसी बड़ी-बड़ी चुनौतियां आने वाले दिनों में जयपुर पुलिस के समक्ष और खड़ी हो सकती हैं ।

## सम्पादकीय

# इंदौर हादसे ने उठाए सुरक्षा पर गंभीर सवाल



भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसका उद्देश्य यही है कि बढ़ते वायु प्रदूषण का मुकाबला किया जाए और पेट्रोल एवं डीजल पर निर्भरता भी कम हो। इसीलिए सार्वजनिक परिवहन में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। कम खर्च में चलने और एक बेहतर विकल्प होने के कारण भी लोग ऐसे वाहनों को धीरे-धीरे अपनाने लगे हैं। मगर इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नई तकनीक के जहां फायदे होते हैं, वहीं इसमें कई स्तरों पर जोखिम भी छिपे होते हैं। बिजली से चलने वाले वाहनों में तकनीकी गड़बड़ियों और आग लगने की घटनाओं से अब कई सवाल उठने लगे हैं। इंदौर में बुधवार तड़के एक इलेक्ट्रिक कार को चार्ज किए जाने के दौरान धमाके के बाद इमारत में आग लगने से आठ लोगों की मौत की घटना ने सचेत किया है कि क्या ये वाहन सुरक्षित हैं? गौरतलब है कि मकान के बाहर कार को चार्ज किए जाने के दौरान 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट हुआ। इसके बाद आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। कोई दो मत नहीं कि आग लगने की ऐसी घटनाओं से उन लोगों का विश्वास कमजोर होगा जो पेट्रोल की गाड़ियों को छोड़ कर इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने का मन बना रहे हैं। यह उचित ही है कि विशेषज्ञों की एक समिति से इंदौर अग्निकांड की जांच कराई जाएगी। इसका जो भी निष्कर्ष सामने आए, लेकिन इससे स्पष्ट होगा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और इसके संचालन में कहां कमी रह गई। सवाल है कि ऐसे वाहनों के इस्तेमाल और सुरक्षा के लिए कोई मानक संचालन प्रक्रिया अब तक क्यों नहीं अपनाई गई? इसके बारे में पहले से लोगों को क्यों नहीं बताया जाता। आखिर गलियों में या घरों के सामने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए लोग क्यों मजबूर हैं। यह निराशाजनक ही है कि सड़कों के किनारे और रिहाइशी इलाकों में जगह-जगह पर्याप्त संख्या में चार्जिंग स्टेशन अभी तक नहीं बनाए जा सके हैं। ऐसे में बिजली से चलने वाले वाहनों को सड़कों पर उतार देने भर से उत्सर्जन कम करने या तेल पर निर्भरता घटाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा। मध्य प्रदेश के इंदौर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां के बंगाली चौराहा के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार तड़के भीषण हादसा हुआ।



## कहानी

### ध्येय पर पूरा ध्यान

यह कहानी महाभारतकाल की है । यह तो आपको पता ही होगा कि द्रोणाचार्यजी कौरवों और पांडवों के गुरु थे । गुरु द्रोणाचार्यजी कौरवों एवं पाण्डवों को धनुर्विद्या अर्थात धनुष्य बाण चलाने की विद्या सिखा रहे थे । इस विद्या में उनके शिष्य धीरे-धीरे पारंगत अर्थात निपुण हो रहे थे, तब गुरु द्रोणाचार्य के मन में विचार आया कि मैं इन सभी को शिक्षा तो दे रहा हूं । मेरी शिक्षा को इन्होने कितना ग्रहण किया है ये जानने के लिए क्यों न इन कौरव और पांडवों की परीक्षा ली जाए । उनकी परीक्षा लेने के लिए उन्होंने मिट्टी का एक पक्षी बनाया और उसे एक पेड की शाखा पर बांध दिया । उसके बाद उन्होंने सभी शिष्यों को बुलाया तथा उन सभी से कहा कि पेड पर जो पक्षी बंधा है उसकी आंख को बांण से निशाना लगाना है । परीक्षा देने के लिए उन्होने सबसे पहले युधिषठिर को बुलाया । पांडवों और कौरवों में वह सबसे बडे भाई थे । दोणाचार्य बोले, 'युधिषठिर, धनुष्य पर बाण चढाओ और उस पक्षी पर ध्यान केंद्रित कर इसको निशान बनाओ ।' गुरु की आज्ञा से युधिषठिर ने धनुष्य पर बाण चढाया परंतु जैसे ही युधिष्ठर ने धनुष्य पर बाण चढाया तभी गुरु द्रोणाचार्य ने युधिषठिर से पूछा, 'तुम्हें क्या क्या दिखाई दे रहा है ' युधिषठिर ने उत्तर दिया, 'गुरुदेव मुझे पेड, आप और मेरे सभी भाई दिखाई दे रहे हैं' । द्रोणाचार्यजी ने उससे कहा धनुष-बांण यहीं रखकर वापस अपने स्थान पर जाने के लिए कहा । इसके बाद, दुर्योधन की बारी थी । उसको भी द्रोणाचार्यजी ने बाण चढाकर पक्षी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा । दुर्योधन के धनुष्य पर बाण चढाते ही द्रोणाचार्यजी ने उससे भी वही प्रश्न पूछा कि तुम्हें क्या दिखाई दे रहा है दुर्योधन ने उत्तर में कहा कि मुझे वह पेड, आप, वह पक्षी, मेरे भाई सभी दिखाई दे रहे हैं । द्रोणाचार्यजी ने उसे भी अपने स्थान पर जाने के लिए कहा । एक के बाद एक सभी शिष्यों को बुलाकर उनसे द्रोणाचार्यजी ने वही प्रश्न किया जो युधिष्ठर और दुर्योधन से किया था । किन्तु, सभी के उत्तर एक ही जैसे थे । किसी ने भी जैसा उत्तर गुरुदेव चाहते थे वैसा उत्तर नहीं दिया । उन सबको द्रोणाचार्यजी ने अपने-अपने स्थान पर जाने के लिए कहा । अन्तमें उन्होंने अर्जुन को बुलाया । अर्जुन को भी वही करने के लिए कहा । अर्जुन ने धनुष्य पर बाण चढाकर पक्षी पर ध्यान केंद्रित किया । द्रोणाचार्यजी ने भी अर्जुन से यही पूछा कि, 'अर्जुन, बताओ, तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है अर्जुन बोले, 'गुरुदेव, मुझे तो केवल पक्षी की आंख दिखाई दे रही है ।' यह उत्तर सुनकर सभी शिष्य उसपर हंसने लगे; परंतु बच्चो आपको पता है कि क्या हुआ, द्रोणाचार्यजी अर्जुन की यह बात सुनकर मन ही मन प्रसन्न हो गए । वे कुछ क्षण के लिए रुके और उन्होने अर्जुन से एक बार फिर पूछा, ठीक से देखो अर्जुन तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है अर्जुन ने फिर से वही कहा, 'गुरुदेवजी, मुझे केवल उस पक्षी की आंख को छोड कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है; अर्जुन के इस उत्तर से प्रसन्न होकर द्रोणाचार्यजी ने कहा, ''वत्स, बाण चलाओ ।''

# अविश्वास का खतरनाक विस्तार

*अतीत में भी तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया और हर बार गिरा भी, क्योंकि उनका चयन ही बहुमत से होता है। अल्पमत विपक्ष उन्हें हटा ही नहीं सकता, जब तक कि सत्तापक्ष में विभाजन की नौबत न आए। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने का सीधा अर्थ है कि बहुमत खो चुकी सरकार को भी जाना पड़ेगा। अल्पमत विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का उद्देश्य स्पीकर के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति ही होता है। तथ्यात्मक गलतियां ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में भी थीं, पर उन्होंने स्वयं उन्हें ठीक कराते हुए पेश होने दिया। ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और टकराव की हद तक चला गया तो उसके मूल में पिछली लोकसभा की कटुता भी रही, जब बिरला ही स्पीकर थे। तब रिकार्ड संख्या में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए। उस वक्त राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं थे, पर बोलने न देने और माइक बंद कर देने के आरोप तब भी लगे थे। किसी भी सदन का संचालन अध्यक्ष की जिम्मेदारी है, पर सत्तापक्ष और विपक्ष की परस्पर समझदारी और सम्मान भाव से ही सदन सुचारु रूप से चल सकता है, लेकिन वे तो एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। सत्तापक्ष के विरुद्ध विपक्ष की आक्रामकता का नजला स्पीकर पर गिरा। अविश्वास प्रस्ताव की परिणति जानते हुए ही विपक्ष ने मत विभाजन नहीं मांगा, लेकिन*



राज्यसभा के सभापति रहे जगदीप धनखड़, फिर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के बाद अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध महाभियोग का नोटिस सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच अविश्वास के खतरनाक विस्तार का ही संकेत है। चुनाव केंद्रित संसदीय राजनीति में दलगत विरोध अप्रत्याशित नहीं हैं। अतीत में भी कई बार किसी मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष में टकराव के चलते कई-कई दिन संसद नहीं चल पाई।

पूरा सत्र ही गतिरोध की भेंट चढ़ जाने के उदाहरण भी हैं, लेकिन 2014 के बाद राजनीतिक टकराव परंपराएं और लक्ष्मण रेखाएं लांघता दिख रहा है। 2024 के अंत में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रक्रियागत और तकनीकी त्रुटियों के चलते नोटिस से आगे नहीं बढ़ पाया था। उपसभापति हरिवंश ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस नियमानुसार 14 दिन पहले न देने के आधार पर खारिज करते हुए बताया था कि जगदीप धनखड़ के नाम की स्पेलिंग भी गलत लिखी गई थी।

अतीत में भी तीन बार लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आया और हर बार गिरा भी, क्योंकि उनका चयन ही बहुमत से होता है। अल्पमत विपक्ष उन्हें हटा ही नहीं सकता, जब तक कि सत्तापक्ष में विभाजन की नौबत न आए। लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाने का सीधा अर्थ है कि बहुमत खो चुकी सरकार को भी जाना पड़ेगा। अल्पमत विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव का उद्देश्य स्पीकर के प्रति असंतोष की अभिव्यक्ति ही होता है। तथ्यात्मक गलतियां ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में भी थीं, पर उन्होंने स्वयं उन्हें ठीक कराते हुए पेश होने दिया। ओम बिरला के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव गंभीर आरोप-प्रत्यारोप और टकराव की हद तक चला गया तो उसके मूल में पिछली लोकसभा की कटुता भी रही, जब बिरला ही स्पीकर थे। तब रिकार्ड संख्या में विपक्षी सांसद निलंबित किए गए। उस वक्त राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं थे, पर बोलने न देने और माइक बंद कर देने के आरोप तब भी लगे थे। किसी भी सदन का संचालन अध्यक्ष की जिम्मेदारी है, पर सत्तापक्ष और विपक्ष की परस्पर समझदारी और सम्मान भाव से ही सदन सुचारु रूप से चल सकता है, लेकिन वे तो एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते। सत्तापक्ष के विरुद्ध विपक्ष की आक्रामकता का नजला स्पीकर पर गिरा। अविश्वास प्रस्ताव की परिणति जानते हुए ही विपक्ष ने मत विभाजन नहीं मांगा, लेकिन इससे यह सच नहीं बदलता कि स्पीकर पर विपक्ष का विश्वास नहीं है। अतीत में स्पीकर की भूमिका के अनुभव मिश्रित रहे हैं। जिस ब्रिटेन से हमारी संसदीय प्रणाली प्रेरित है, वहां स्पीकर किसी दल के सदस्य नहीं होते। अपने देश में भी कभी लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर नीलम संजीव रेड्डी ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा दिए बिना भी दोनों पक्षों का सम्मान हासिल करते हुए सुचारु सदन संचालन के सोमनाथ चटर्जी और पीए संगमा सरीखे उदाहरण हैं, लेकिन अब बढ़ते तनाव से इस संस्था की साख प्रभावित होने लगी है। यह राजनीतिक दलों की सामूहिक चिंता का विषय होना चाहिए। व्यक्ति आते-जाते रहेंगे, लेकिन संस्थाओं की साख पर आंच नहीं आने देनी चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग का नोटिस राजनीतिक टकराव का विस्तार है। कभी मत्रपत्रों की लूट तो अब ईवीएम पर संदेह के जरिये चुनाव प्रक्रिया की शुचिता और विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इस तरह कठघरे में खड़ा कभी नहीं किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्तियां हमेशा केंद्र सरकार करती है। पसंदीदा नौकरशाहों की नियुक्ति के आरोप भी लगते रहे हैं। नवीन चावला की कांग्रेस से नजदीकियों के तब तमाम उदाहरण दिए गए थे। मनोहर सिंह गिल को तो कांग्रेस ने राज्यसभा सदस्य और केंद्र में मंत्री भी बनाया। फिर अब क्यों बात मुख्य चुनाव आयुक्त के विरुद्ध महाभियोग के नोटिस तक पहुंच गई? चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की धांधली और फिर सर्वोच्च न्यायालय की सख्ती का घटनाक्रम ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल से पहले का है। हां, कुछ नियम-कानूनों में संशोधन अवश्य हुए हैं, जिन्हें विपक्ष पारदर्शिता से विचलन बताता है, पर उन्हें न्यायपालिका में चुनौती दी जा सकती है। चुनाव आयोग से विपक्ष के ताजा टकराव के मूल में एसआइआर मुख्य मुद्दा है। अतीत में भी मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होता रहा है, लेकिन इस बार जैसी अफरातफरी कभी नहीं मची। इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम भी कभी नहीं कटे। शायद इसलिए कि इस बार आइआर की जगह एसआइआर कराया जा रहा है। ऐसे विशेष सघन पुनरीक्षण से पहले सभी दलों और राज्य सरकारों से चर्चा न करने से उठे सवालों का जवाब तो चुनाव आयोग ने नहीं दिया है, लेकिन मतदाता सूचियों के शुद्धिकरण से लेकर चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने संबंधी कदमों को सर्वोच्च न्यायालय आयोग का अधिकार बता चुका है। बिहार से शुरू एसआइआर विवाद के बंगाल पहुंचने तक सर्वोच्च न्यायालय कई बार सुनवाई कर चुका है। कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग को सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए। बंगाल में राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच मोर्चा खुल जाने की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय ने एसआइआर की निगरानी के लिए न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए।

# पड़ोसी देशों का भरोसा तोड़ता ईरान

*दुबई जैसे शहरों में ईरानी लोगों की व्यापारिक उपस्थिति लंबे समय से आर्थिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में यदि वही देश आज ईरान के हमलों से भय और असुरक्षा महसूस करने लगें, तो यह स्थिति केवल सामरिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट भी खड़े करती है। सोचने की बात यह है कि दुबई, मनामा या कुवैत में रहने वाला कोई ईरानी परिवार आज क्या महसूस कर रहा होगा? जिस देश ने उसे काम, सुरक्षा और जीवन का आधार दिया, उसी देश पर उसके मूल देश का नाम हमलों के साथ जुड़ रहा है। रोजमर्रा का जो भरोसा लोगों को साथ रहने देता है, जब उसी में भय घर कर जाए, तो उसका असर बहुत गहरा होता है। किसी भी क्षेत्र को केवल सैन्य ताकत नहीं बांधती। उसे वह भरोसा बांधता है कि पड़ोसी एक-दूसरे के नागरिकों को डर और विनाश का माध्यम नहीं बनाएंगे।*

युद्ध के समय देशों के लक्ष्य बदल जाते हैं। उस समय केवल तात्कालिक बातें जैसे-जवाबी हमला, दबाव, सुरक्षा, शक्ति प्रदर्शन और अस्तित्व बचाना दिखाई देती हैं। दीर्घकालिक सोच अल्पकालिक में बदल जाता है। ऐसे में लोग अक्सर भूल जाते हैं कि युद्ध कभी शाश्वत नहीं होते। प्रथम विश्वयुद्ध भी समाप्त हुआ और द्वितीय विश्वयुद्ध भी।



हर युद्ध अंततः एक ऐसे मोड़ पर पहुंचता है, जहां असली चुनौती लड़ाई नहीं, बल्कि टूटी हुई चीजों को फिर से जोड़ना और बचे हुए लोगों के साथ दोबारा सामान्य जीवन बिताना होता है। इसी दृष्टि से आज पड़ोसी इस्लामी देशों पर ईरान के लगातार हमले दीर्घकालिक रणनीति के रूप में उसके अपने ही हितों के विरुद्ध हैं। किसी भी सैन्य कार्रवाई के पीछे तात्कालिक कारण हो सकते हैं, लेकिन उसके राजनीतिक और सामाजिक मूल्य कहीं अधिक दूर तक जाते हैं।

क्षतिग्रस्त इमारतें फिर बन सकती हैं, बाधित हवाईअड्डे फिर खुल सकते हैं और अर्थव्यवस्था भी समय के साथ संभल सकती है, पर पड़ोसियों के बीच एक बार टूटा विश्वास आसानी से वापस नहीं आता। यह विश्वास हर मिसाइल, ड्रोन हमलों के साथ और कमजोर होता जा रहा है, जो खाड़ी के देशों में नागरिक क्षेत्रों में भय पैदा करता है। यह केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि ईरान और उसके पड़ोसी देशों के भविष्य का भी प्रश्न है। ईरान कोई ऐसा देश नहीं है, जो दुनिया के किसी अलग कोने में बसा हो। करीब सात देशों के साथ उसकी सीमा लगती है। संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन जैसे देशों में लाखों की संख्या में ईरानी लोग पीढ़ियों से बसे हुए हैं।

दुबई जैसे शहरों में ईरानी लोगों की व्यापारिक उपस्थिति लंबे समय से आर्थिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। ऐसे में यदि वही देश आज ईरान के हमलों से भय और असुरक्षा महसूस करने लगें, तो यह स्थिति केवल सामरिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक संकट भी खड़े करती है। सोचने की बात यह है कि दुबई, मनामा या कुवैत में रहने वाला कोई ईरानी परिवार आज क्या महसूस कर रहा होगा?

जिस देश ने उसे काम, सुरक्षा और जीवन का आधार दिया, उसी देश पर उसके मूल देश का नाम हमलों के साथ जुड़ रहा है। रोजमर्रा का जो भरोसा लोगों को साथ रहने देता है, जब उसी में भय घर कर जाए, तो उसका असर बहुत गहरा होता है। किसी भी क्षेत्र को केवल सैन्य ताकत नहीं बांधती। उसे वह भरोसा बांधता है कि पड़ोसी एक-दूसरे के नागरिकों को डर और विनाश का माध्यम नहीं बनाएंगे।

जब किसी देश पर हमला होता है, तो उसे आत्मरक्षा का अधिकार होता है। दुनिया इसे समझती है और अंतरराष्ट्रीय कानून भी इस अधिकार को मान्यता देता है, लेकिन आत्मरक्षा का अधिकार असीमित नहीं होता। उसकी वैधता इससे तय होती है कि उसका इस्तेमाल कैसे किया जा रहा है?

ईरान यह कहकर अपने पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों और ऊर्जा स्रोतों पर हमले नहीं कर सकता कि इन देशों में अमेरिका के सैन्य ठिकाने हैं। यह अंतर समझना जरूरी है कि अपनी रक्षा करना एक बात है और युद्ध को इस तरह फैलाना कि उसका डर पड़ोस के आम लोग उठाएं, बिल्कुल दूसरी बात है।

जब से अमेरिका-इजरायल एवं ईरान का युद्ध शुरू हुआ है, तब से एक दिन ऐसा नहीं बीता, जब खाड़ी देशों में रहने वाले नागरिकों को भय के साए में न रहना पड़ा हो। न तो इन देशों में रहने वाले लोग ईरान के प्रति कोई द्वेष रखते हैं, न इनमें से कोई देश ईरान पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार है। फिर भी ईरान प्रतिदिन इन देशों को यह कहकर निशाना बना रहा है कि वह इन देशों को नहीं, बल्कि वहां जो अमेरिकी ठिकाने हैं, उन्हें निशाना बना रहा है, लेकिन वह तो नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रहा है।

# चिंतित करने वाले हालात

अमेरिका-इजरायल और ईरान में घमासान के बीच भारत में जिस तरह प्रीमियम पेट्रोल और उद्योगों में उपयोग होने वाले डीजल के मूल्य बढ़ाने पड़े, उससे यही इंगित होता है कि गैस के साथ तेल संकट भी गहराने जा रहा है। यह चिंताजनक स्थिति है। यह ठीक है कि अभी सामान्य पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत हैं, पर यदि खाड़ी के देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति इसी तरह बाधित बनी रही तो ऊर्जा संकट और गंभीर हो सकता है। इसका असर आम लोगों के साथ उद्योग-व्यापार जगत पर भी पड़ेगा। इसके नतीजे में महंगाई भी बढ़ेगी और रोजगार के लिए भी संकट पैदा होगा। यह वह संकट है, जो केवल भारत तक ही सीमित नहीं है। यह विश्वव्यापी संकट है और इसीलिए





यह आवश्यक हो जाता है कि भारत अन्य देशों के साथ मिलकर उन उपायों की तलाश तेजी से करे, जिससे पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। इसके लिए एक ओर जहां अमेरिका पर भी दबाव डालना होगा, वहीं दूसरी ओर ईरान पर भी, जो उस समुद्री मार्ग होर्मुज को बाधित किए हुए है, जहां से खाड़ी के देश तेल एवं गैस की आपूर्ति करते हैं। संकट केवल यह नहीं है कि ईरान ने होर्मुज जल मार्ग बाधित कर रखा है, बल्कि यह भी है कि वह जवाबी कार्रवाई के तहत खाड़ी के देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और नागरिक क्षेत्रों के साथ ऊर्जा स्रोतों पर भी हमले कर रहा है। इसके चलते तेल एवं गैस के उत्पादन पर असर पड़ा है और इस क्षेत्र से ऊर्जा आपूर्ति और अधिक कठिन हो गई है। इस सबको देखते हुए केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन में कई देशों की ओर से पेश उस प्रस्ताव में भागीदारी की, जिसका उद्देश्य होर्मुज जल मार्ग खोलने के लिए ईरान पर दबाव बनाना है। आवश्यक यह है कि भारत इस संगठन का विशिष्ट सदस्य होने के नाते इसके लिए भी प्रयत्न करे कि इस प्रस्ताव के सकारात्मक नतीजे सामने आएं। चूंकि मामला राष्ट्रीय हितों के साथ वैश्विक आर्थिक हितों का है, इसलिए भारत को यह भी देखना चाहिए कि क्या होर्मुज से तेल और गैस टैंकरों से लदे जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए संबंधित देश मिलकर अपनी नौसेनाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं? नौसेनाओं के इस साझा हस्तक्षेप का यह मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए कि भारत एवं अन्य देश अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध में किसी पक्ष का साथ दे रहे हैं या विरोध कर रहे हैं।

# खुदा की इबादत में झुके हजारों सिरः ईदगाह में गूंजी अमन-चैन की दुआएं


मण्डावा।


बिजौलियां।


मकराना।


सुजानगढ़।


तारानगर।


चूरू।




तारानगर।


धौलपुर।


चौमूं।

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** मण्डावा सहित पूरे अचंल में ईद-उल-फितर का त्योहार अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार को सुबह की पहली किरण के साथ ही फिजाओं में 'ईद मुबारक' की गूंज सुनाई देने लगी। नए कपड़ों में सजे-धजे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, हर चेहरा खुशी से दमक रहा था। फतेहपुर मार्ग स्थित कस्बे की मुख्य ईदगाह मस्जिद में सुबह सवा 8 बजे सामूहिक नमाज अदा की गई। हजारों की तादाद में पहुंचे अकीदतमंदों ने एक साथ खुदा की बारगाह में सिर झुकाया। शहर काजी ने नमाज की रस्म पूरी कराई। नमाज के बाद जब काजी साहब ने मुल्क में अमन, तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ मांगी, तो हर हाथ आमीन कहते हुए ऊपर उठ गया। नमाज मुकम्मल होते ही ईदगाह का मैदान खुशियों के रंग में रंग गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। यह नजारा सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश कर रहा था। घरों में सुबह से ही पकवानों का दौर शुरू हो गया। विशेष रूप से बनाई गई सेवइयां और खीर की खुशबू ने मोहल्लों को महका दिया। हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे के घर जाकर मिठाइयां बांटीं और खुशियां साझा कीं। इस मुबारक मौके पर कौमी एकता की झलक तब देखने को मिली जब जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी ईदगाह पहुंचे। पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, ठाकुर अंगद देव सिंह, नरेश सोनी और अयूब खत्री ने सभी को गले मिलकर बधाई दी। हाजी एफजे खत्री ने क्षेत्र में शांति और प्रेम का संदेश दिया तथा आवाम के बीच पहुंचकर खुशियां बांटीं। मौके पर कौमी एकता की झलक तब देखने को मिली जब जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी ईदगाह पहुंचे। त्योहार के मद्देनजर बाजारों में भारी चहल-पहल रही। जगह-जगह स्वयंसेवी संस्थाओं और युवाओं की ओर से राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। प्रशासनिक स्तर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। प्रशासन और पुलिस बल के जवान शहर के हर मुख्य चौराहे और मस्जिद के बाहर मुस्तैद दिखे। पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के कारण ही पूरा उत्सव बिना किसी बाधा के शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

**बिजौलियां।** मुस्लिम समाज की ओर से रमज़ान के पाक महीने के समापन पर खुशी व भाईचारे का त्यौहार ईद-उल- फितर हर्षोल्लास से मनाया गया।ईद की नमाज से पहले जरूरतमंदों को फितरा (दान) भी दिया गया। वहीं बड़ों ने छोटों को 'ईदी' दी। इमरान हुसैन ने बताया कि इस मौके पर बिजौलिया कस्बे के सभी मुस्लिम धर्मावलम्बी छोटी मस्जिद से इकट्ठे होकर केसरगंज स्थित ईदगाह पहुंचे और वहां जाकर ईद उल फितर की नमाज अदा की। ईद की नमाज छोटी मस्जिद के पेश इमाम केसर रजा साहब ने अदा करवाई और ईद का खुतबा सुनाया। नमाज के बाद विश्व शांति और देश के अमन चैन व कामयाबी की दुआ की गई।समस्त मुस्लिम समाज के लोगों ने घर-घर जाकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद पेश की।

**मकराना।** ईद-उल-फितर के अवसर पर मकराना शहर में सौहार्द, भाईचारे और शांति का सुंदर वातावरण देखने को मिला। बड़ी ईदगाह में हजारों नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा की, जो पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। शहर के प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। बड़ी ईदगाह में थानाधिकारी गरिमा चौधरी (आरपीएस) के नेतृत्व में व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की गईं, जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। अंजुमन कमेटी की ओर से भी सफाई और अन्य व्यवस्थाएं उत्कृष्ट रूप से की गईं, जिसकी लोगों ने सराहना की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस अवसर पर हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे। विधायक जाकिर हुसैन की ओर से कब्रिस्तान में कराए गए कार्यों की भी सराहना की।

**तारानगर।** ईद उल फितर का पर्व विश्वभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया तो वहीं तारानगर में भी ईद का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कस्बे की ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में अदा की गयी। कुछ लोगों ने मस्जिदों में भी नमाज अदा की। जामा मस्जिद के हाफिज जाफ़र ने ईद की नमाज अदा करवाई। सभी ने अल्लाह के सजदे में सिर झुकाए एवं देश में अमन चैन शान्ति की दुआ मांगी। इसके पश्चात सभी भाई कब्रिस्तान जाकर अपने अपने पूर्वजों कों याद किया। उधर स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व भाजपा नेता राकेश जांगिड़, पराक्रम राठौड़, महावीर पूनियाँ, एडवोकेट निर्मल कुमार प्रजापत, कुंदन सैनी, उमराव सहारण, मोहर सिँह ज्याणी, हरिसिंह बेनिवाल, धर्मवीर राठौड़, जमर दीन तेली, सहित विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी कब्रिस्तान जाकर सभी को ईद की मुबारकबाद दी।

**तारानगर।** हम भारत के लोग वैचारिक चेतना अभियान, भारतीय नागरिक सामाजिक बल ने प्रेम व भाईचारा व सांप्रदायिक सौहार्द की प्रतीक ईद के अवसर पर तारानगर क्षेत्र के साहवा कस्बे में ईदगाह के समस्त नवाजियों पर फूल बरसाते हुए मुबारकबाद व बधाई देकर देश में अमन, शांति, विकास व भाईचारे की शुभकामनाएं दी। अभियान के चूरू जिला संयोजक महिपाल स्वामी ने बताया कि अपने क्षेत्र में सदियों से गंगा जमना की तहजीब, प्रेम व भाईचारे की संस्कृति कायम रखने की परंपरा रही है। ऐसे में देश व प्रदेश में हम भारत के लोग वैचारिक चेतना अभियान संवैधानिक चेतना को आगे बढ़ाने के लिए पूरे प्रदेश में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अवसर पर राममूर्ति स्वामी ने कहा कि मन की पवित्रता से ही गंगा जमना तहजीब को बचाया जा सकता है। धर्म, जाति या जन्म से कोई मनुष्य ऊंचा या नीचा नहीं होता बल्कि कर्मों से होता हमे काम करते रहना चाहिए। अंधविश्वास और आडंबरों की मुक्ति से ही उन्नत समाज बनेगा। हिंदू मुस्लिम सब उस कुदरत के बंदे है, सभी का खून एक ही रंग का है, समान अन्न पानी ग्रहण करते हैं तो ऊंच नीच क्यों, एक दूसरे के सुख दुख में शरीक होकर इंसानियत को बचाया जा सकता है। 'हम भारत के लोगों' की स्वागत टीम में राममूर्ति स्वामी, रणजीत सिंह दुहरिया, घड़सीराम जांगिड़, विकाश स्वामी, महिपाल स्वामी, अलीशेर आदि शामिल रहे।

**सुमेरपुर।** नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मुस्लिम समाज ने ईद-उल-फितर का पर्व भाईचारे, उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। सुबह विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों में विशेष नमाज़ अदा कर देश में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई। जामा मस्जिद में मौलाना ग़ालिब, उनदरी मस्जिद में मौलाना अलीमुद्दीन, जाखानगर मस्जिद में मौलाना अब्दुल करीम तथा हाउसिंग बोर्ड मस्जिद में मौलाना कयामुद्दीन के नेतृत्व में नमाज़ अदा की गई। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। घरों में सेवइयां व पारंपरिक पकवान बने, वहीं बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। इस मौके पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा के नेतृत्व में मुस्लिम समाज पर फूल बरसाकर शुभकामनाएं दी गईं। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

**सुजानगढ़।** शहर में ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य नमाज शहर की ईदगाह मस्जिद पर सवा 8 बजे पढ़ी गई। शहर काजी मोहम्मद अकरम रिजवी ने नमाज अदा करवाई। नमाज पढ़ने के बाद हजारों लोगों ने मुल्क में अमन, चैन, शांति के लिए दुआ की। वहीं हजारों लोगों ने खुदा की बारगाह में हाथ फैलाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी और माहे रमजान की तरह बाकी जिंदगी गुजारने की मंशा जाहिर की। दुआ के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी। विधायक मनोज मेघवाल, निवर्तमान उप सभापति अमित मारोठिया, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र किलक, सिराज खान कायमखानी, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, प्रहलाद जाखड़, पवन माहेश्वरी, गणेश मंडावरिया, रामचंद्र, बजरंग सेन, रफीक खिची, ब्लॅाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप तोदी, धनराज, कन्हैयालाल, नूर मोहम्मद खान, हंसराज तंवर, अयूब नसवान, साबिर अली चैहान, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, इकबाल खान कायमखानी, इस्माइल खान, अमजद खान, साकिर खान बैसवा, समीर खोखर, मासूम अली सहित अनेक लोगों ने नमाज के बाद लोगों को ईद की बधाई दी। एहतियात के तौर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी व्यवस्थाओं में तैनात रहा। दूसरी ओर घरों में मीठे पकवान बने और लोगों ने खूब हर्षोल्लास के साथ ईद मनाई। दूसरी ओर निवर्तमान सभापति निलोफर गौरी ने भी शहरवासियों को ईद व गणगौर की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**चूरू।** पुरानी ईदगाह में शनिवार सुबह 8:30 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा की गई। शहर इमाम सैयद मो. अनवर नदीमुल कादरी ने नमाज अदा करवाई। मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर देश-प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी। इस दौरान एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज से पहले गरीबों में फितरा बांटा गया। इदगाह के बाहर भाजपा-कांग्रेस नेताओं ने मुस्लिम भाईओं को ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि ईद का पवित्र अवसर है। 30 दिनों तक लगातार रोजेदारों ने रोजे रखकर खुदा की इबादत की। उन्होंने कहा कि खुदा ने संदेश दिया कि गरीब की मदद करने का यह पावन अवसर है। आज यह संयोग है कि गणगौर पर्व भी है। ईद और गणगौर दोनों आज ही है। चूरू में गंगा जमुना तहजीब की संस्कृति है। ऐसे पर्वों से परस्पर प्रेम, आपसी सौहार्द्ध और संस्कृति को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, एसडीएम सुनील कुमार, डीएसपी सुनील झाझड़िया, पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस जाब्ता भी तैनात रहा। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक सहारण ने निसार अहमद गुर्जर के निवास पहुंचकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाई-चारे का संदेश दिया। इस दौरान निसार अहमद गुर्जर, प्रो. शमशाद अली, सुरेश सारस्वत, विश्वनाथ राजगुरु सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

**धौलपुर।** पुराना शहर धौलपुर के मुस्लिम समाज की ओर से कोतवाली थाना क्षेत्र की टाउन चौकी पुराना शहर में बेहतर ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखने अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को भयमुक्त वातावरण मुहैया कराने पर टाउन चौकी प्रभारी लोकेंद्र सिंह, सुभाष भास्कर हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल मातादीन, पुष्पेंद्र का साफा व माला पहनाकर जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर पर समस्त सीएलजी सदस्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने सभी मुस्लिम भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर चौकी प्रभारी लोकेंद्र सिंह जी ने समस्त सीएलजी सदस्यों व मुस्लिम संप्रदाय के लोगों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में इसी तरह का सामंजस्य व आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए आग्रह किया।

**चौमूं।** नगर परिषद क्षेत्र में शुक्रवार को ईद का चांद नजर आने के बाद शनिवार को ईद-उल-फितर का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही कस्बे की पठाँनों की मस्जिद और कलंदरी मस्ज में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। ईदगाह मस्जिद में नमाज पढ़ाई। रमजान के पवित्र महीने के 30 दिनों तक रोजा रखने के बाद ईद के इस खास मौके पर लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी और खुशियां बांटीं। शुक्रवार को ईद का चांद दिखने के बाद शुरू हुए इस त्योहार में नए कपड़े पहनकर लोग नमाज के लिए जुटे। इसके बाद आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे के साथ खुशियों का आदान-प्रदान किया। घरों में सेवइयां और तरह-तरह के पकवानों की खुशबू फैली, वहीं बाजारों में भी रौनक देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने सभी के लिए अमन, चैन और खुशहाली की दुआ की। मौलाना इमाम साहब ने कहा कि यह त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि प्रेम, एकता और सौहार्द का प्रतीक भी है। देश के कोने-कोने से ईद की मुबारकबाद के संदेश सुनाई दिए, जिसने इस पर्व की खुशी को और भी खास बना दिया। रियासत पठान मुबारक पठान युसूफ उस्मान यूनुस आतिफ अमान आसिफ अयान सभी को ईद मुबारक की।

## जोबनेर-मालियावास मुख्य सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप

ग्रामीणों के विरोध के चलते रुका कार्य



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** जोबनेर से ग्राम मालियावास को जोड़ने वाली मुख्य सड़क के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री उपयोग किए जाने के आरोप सामने आए हैं। गुणवत्ता को लेकर नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया, जिसके चलते निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर किए जा रहे डामरीकरण में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनका आरोप है कि डामरीकरण मिट्टी के ऊपर ही किया जा रहा है, जिससे सड़क मजबूत नहीं बन पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि डामर की परत इतनी कमजोर है कि वह हाथों से ही उखड़ रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों मे छगना राम मीणा, प्रभुदयाल, हुकमाराम, विष्णु मीणा, गणेश सिंह, दिनेश मीणा, मनोज जाखड़, हरि जाखड़, राजेश जाखड़, अशोक, देवी सिंह, मंगल वर्मा, कमल जाखड़, धर्मराज व अनिल ने बताया कि घटिया निर्माण को लेकर मौके पर विरोध दर्ज कराया गया, जिसके चलते फिलहाल सड़क निर्माण कार्य रुक गया है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से निर्माण कार्य की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा मानक के अनुसार पुनः कार्य करवाने की मांग की है।

## विजयसिंहपुरा आरओ प्लांट में चोरी, कूलिंग मशीन सहित उपकरण गायब



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** ग्राम विजयसिंहपुरा गांव स्थित आरओ प्लांट में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोर रात के समय प्लांट में घुसकर कूलिंग मशीन सहित अन्य कीमती उपकरण चुरा ले गए। सुबह ग्रामीणों को घटना का मालूम चलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पड़ोसी कैलाश चंद सैनी ने सामोद थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार यह आरओ प्लांट लगभग एक दशक पहले अमृतम जलम योजना के तहत स्थापित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को मीठा व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना था। चोरी की इस घटना से गांव में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली जा रही है पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ करवाई की जाएगी वही ग्रामीणों ने प्रशासन से प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और इसे शीघ्र से शीघ्र वापस चालू कराने की मांग की है ताकि पेयजल संकट उत्पन्न हो सके।

## चौमूं में मत्स्य जयंती हर्षोल्लास से मनाई



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** मीणा समाज की ओर से मीणा समाज भवन चौमूं में मत्स्य जयंती धूमधाम से मनाई गई। मीना समाज भवन चौमूं में अध्यक्ष रामचन्द्र मीणा की अध्यक्षता में समाज बंधुओं की ओर से मीन भगवान की पूजा, आरती कर प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष भोलू राम मीणा,संरक्षक रामेश्वर जेफ, प्रभु खोड़ा, संगठन मंत्री सतपाल गुवारडी, कमलेश मीणा, उपाध्यक्ष मालीराम मीना, कोषाध्यक्ष मुकेश बागड़ी, समाज सेवी सीताराम मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह मीणा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा, समाज सेवी तोफान मीणा, रामचंद्र मीना, रामावतार मीणा,राजेंद्र मीणा, मलखान मीणा, मुकेश हाटवाल व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने विष्णु के प्रथम अवतार भगवान मत्स्य की पूजा अर्चना कर सभी समाजों में सामाजिक सौहार्द, सुख व समृद्धि की कामना की।

## जोबनेर में कल सजेगी 'नारी चौपाल'

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक/फुलेरा (निस)।** महिला सशक्तिकरण को नई दिशा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से सोमवार को जोबनेर में 'नारी चौपाल' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में सांभर लेक, किशनगढ़ रेनवाल व जोबनेर तीनों सब डिवीजनों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रहेगी, जिससे कार्यक्रम को विशेष महत्व मिल गया है। यह कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक सिंधी मैरिज गार्डन, पुलिस थाने के सामने, चिरनोटिया रोड, जोबनेर में आयोजित होगा। सांभर लेक, किशनगढ़ रेनवाल व जोबनेर तीनों सब डिवीजनों का संयुक्त कार्यक्रम जोबनेर में रखा गया है। सांभरलेक उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं, अधिकारों व सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूकता प्रदान की जाएगी। साथ ही महिला अधिकारिता विभाग व जिला प्रशासन की ओर से महिलाओं को लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में तीनों सब डिवीजनों से बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रहने की संभावना है। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन जयपुर व महिला अधिकारिता विभाग जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है ।

# कर्मपाल यादव डाक्टरेट उपाधि से सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**पाटन(निस)।** ग्रामीण उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए ढाणी अहीरान निवासी कर्मपाल यादव को मानद डाक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उनके नवाचार, मेहनत और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है।कर्मपाल यादव का जन्म सीकर जिले की पाटन तहसील के छोटे से गाँव ढाणी अहिरान में हुआ। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में जन्मे कर्मपाल ने केवल सातवीं कक्षा तक पढ़ाई की और 15 वर्ष की आयु में परिवार की जिम्मेदारियों को सँभालने के लिए स्कूल छोड़ दिया। अपने पिता के साथ डेयरी के काम में हाथ बँटाते



हुए उन्होंने मावा और पनीर बनाने में पारंपरिक तरीकों को बेहतर बनाने की ठानी।उन्होंने देखा कि लगभग 100 किलो दूध उबालने के लिए 70 किलो लकड़ी जलानी पड़ती थी, और भट्टी की गर्मी में यह काम बेहद कठिन था। इसी कठिनाई ने उन्हें प्रेरित किया कि क्या इसे आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है। कर्मपाल का मानना है, 'जहाँ इच्छाशक्ति होती है, वहाँ रास्ता अपने आप बन जाता है। 'छोटे गाँव से जयपुर तक का उनका सफर प्रेरणादायक रहा। जयपुर में उन्होंने जयपुर स्टीम एनर्जी एलएलपी कंपनी की स्थापना की। इस कंपनी के माध्यम से अब लगभग 100 लोगों को रोजगार मिल रहा है और हर साल करीब चार हजार पेड़ कटने से भी बच रहे हैं। उनकी तैयार की गई मशीन से प्रदूषण नहीं होता और युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिल रहा है।शिकागो ओपन यूनिवर्सिटी, संयुक्त राज्य अमेरिका के डीन बेरिल ओनर ने दिल्ली में उन्हें मानद डाक्टरेट उपाधि प्रदान की। यह सम्मान न केवल उनके योगदान को रेखांकित करता है, बल्कि ग्रामीण उद्यमिता के क्षेत्र में कार्यरत अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनेगा।जयपुर स्टीम परिवार ने डॉ. कर्मपाल यादव को डाक्टरेट उपाधि की उपलब्धि पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उनकी कहानी यह साबित करती है कि सीमित संसाधनों और कठिनाइयों के बावजूद नवाचार और धैर्य से बड़ी उपलब्धियाँ हासिल की जा सकती हैं।

## गणगौर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मंडावा के गढ़ परिसर में शनिवार को गणगौर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। राज परिवार के शिर्वाजुन सिंह, अनिरुद्ध सिंह व अंगद देव सिंह ने परंपराओं के तहत शाही सवारी में भाग लिया। जिला कलेक्टर अरुण गर्ग ने लोगों को पर्व की बधाइयां दी। भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया,राज कुमार सैनी, मनोज भादूपोता, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल, पूर्व सरपंच गिरवर सिंह चुड़ी, महिपाल तौलियासर, शिवचरण गाड़ोदिया, पूर्व नपा अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, महेंद्र चंदवा, वाहिदपुरा सरपंच एसपी दूलड़, सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकडों लोगों ने हिस्सा लिया।

## सरदार हरलाल सिंह की 44वीं पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शेखावाटी के शेर कहे जाने वाले सरदार हरलाल सिंह की 44वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा स्थित स्मारक स्थल पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नरेश खादीवाला ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सरदारजी का योगदान सबसे अधिक महत्वपूर्ण रहा, जिसके कारण क्षेत्र के ग्रामीण लोग पढ़ाई कर आगे बढ़ पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन के साथ-साथ समाज को जागरूक करने में भी सरदार हरलाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूर्व सरपंच हरफूलसिंह दूलड़ ने सरदार हरलाल सिंह के साथ रहने के दौरान अनेक स्मरणों की चर्चा करते हुए सामाजिक विकास में सरकार हरलालसिंह के महत्पूर्व योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष सेवदा ने अपने संबोधन में कहा कि सरदारजी ने सभी जातियों को साथ लेकर चलने, छूआछूत व मृत्युभोज जैसी कुरूतियां का त्याग भी वर्ष 1925 में करवा दिया था। इस तरह के महान लोग धरती पर सैकड़ों वर्षो में एक-दो ही पैदा होते है। इसके अलावा कार्यक्रम में पूर्व सरपंच फूलसिंह, प्रदीप, एडवोकेट विजयपाल दूलड, शिशुपाल नारनोलिया, सुनिल दूलड़, प्रशांत, मनोज, धर्मपाल, अशोक, सुबोध, सुरेश, रोहिताश, भूपेन्द्र, श्रीराम सहित अनेक नागरिक, समाजसेवी, युवा व ग्रामीण जनों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सरदार हरलाल सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंत में मनीराम सेवदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जाजोद में निकली गणगौर-ईशर की सवारी



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)** ग्राम पंचायत जाजोद में गणगौर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गणगौर और ईशर की पारंपरिक सवारी निकाली गयी। जिसमें आसपास के क्षेत्रों और गांव-ढाणियों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नवविवाहित युवतियां और महिलाएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए माता गणगौर की पूजा-अर्चना की। चैन सिंह शेखावत व ठाकुर बलबीर सिंह शेखावत ने बताया कि वर्षों से चली आ रही एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है जहाँ गणगौर व ईशर की शाही सवारी बैंड-बाजे के साथ शाम 5 बजे प्राचीन गढ़ परिसर से हुई जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची। जाजोद मैन बस स्टैंड पर गणगौर का मेला भरा जहां महिलाएं एवं युवतियां ने गणगौर व ईशर की सवारी की विशेष पूजा-अर्चना की वही नव विवाहित महिलाओं ने बैंड बाजे पर जमकर डांस किया। मेले के दौरान महिलाओं, युवतियों, छोटे-छोटे बच्चों ने मेले का भरपूर लुत्फ उठाया। इस दौरान दूर-दराज से भी श्रद्धालु और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मेले के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जाजोद थानाधिकारी गिरधारी लाल के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा।

## ट्रेन से गिरकर महिला यात्री घायल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शनिवार अल सुबह करीब सवा पांच बजे दिल्ली सराय रोहिला से जोधपुर जाने वाली गाड़ी से गिरकर सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुषमा रानी पत्नी नवीन गुसाई उम्र 35 वर्ष निवासी गणेश नगर शकरपुर पूर्वी दिल्ली, घायल हो गयी। रेलवे सुरक्षा बल चैकी सुजानगढ़ के एएसआई रविंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल शिवलाल की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और एम्बुलेंस चालक भगीरथ जाट रेलवे स्टेशन पहुंचे तथा घायल महिला को सुजानगढ़ बगड़िया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया। डॉ कमल धानिया ने इलाज किया।

## दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटर युक्त त्रिचक्र वाहन का वितरण

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जयपुर की ओर से शुक्रवार को अंबेडकर भवन में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान राज्य कार्यालय जयपुर की निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनूं के सहयोग से बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलेभर के 90 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भाम्बू तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, राजस्थान राज्य कार्यालय जयपुर से कार्यकारी निदेशक व राज्य प्रमुख मनोज गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर निगम के मुख्य महाप्रबंधक आशीष कुमार, उप महाप्रबंधक मालबिका दास, वरिष्ठ प्रबंधक सी.एल. मीना, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पुनिया, परिवीक्षा अधिकारी पवन कुमार वर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी कृष्ण कुमार यादव, कनिष्ठ लेखाकार नेहा झाझड़ियां, छात्रावास अधीक्षक सत्यवीर सीगड़, प्रभुदयाल, विकास कुमार, वरिष्ठ सहायक राजेंद्र कुमार धवल सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जयपुर की ओर से प्रभारी हरीश कुमार, ललित कुमार, सागर मोरवाल व अवनीश भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के लिए इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से लगभग 60 लाख रुपये की सीएसआर निधि उपलब्ध करवाई गई, जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों को बैटरी चालित मोटरयुक्त त्रिचक्र वाहन से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विजय हिन्द जालिमपुरा ने किया।

## झुंझुनू-चिड़ावा में मास्टर सोलर ग्रुप की नई फ्रेंचाइजी का भव्य उद्घाटन, अब गांवों तक पहुंचेगी सोलर सेवाएं

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू/चिड़ावा(निस)।** नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मास्टर सोलर ग्रुप की नई फ्रेंचाइजी का झुंझुनू जिले के चिड़ावा क्षेत्र में भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन नवीन कुमार ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नवीन कुमार ने बताया कि मास्टर सोलर ग्रुप का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस नई फ्रेंचाइजी के शुरू होने से झुंझुनू और आसपास के गांवों के लोगों को अब सोलर सिस्टम से जुड़ी सभी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगी। इस फ्रेंचाइजी का संचालन गोपीराम ठेकेदार की ओर से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही ग्राहकों को उचित मार्गदर्शन और बेहतर सुविधा देने का भी प्रयास रहेगा। कार्यक्रम में प्रदीप गोपाल, विजेंद्र, शुभम, विराट, राकेश, सुरेश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए उपयोगी बताया। नई फ्रेंचाइजी के माध्यम से अब ग्रामीण इलाकों में सोलर पैनल, इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और परामर्श जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इससे न केवल बिजली की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गणगौर का पर्व

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर में शनिवार को तीज का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर में गणगौर की सवारी शाही तरीके से निकाली गई। गणगौर के खास मौके पर प्राचीन परंपरा के अनुसार लुहारगाड़ा स्थित जस्सू खान के घर से गणगौर की सवारी निकली। साजिद खान ने बताया कि बुजुर्गों के समय से पूजा पाठ करके गणगौर की सवारी नया बाजार चैक तक निकाली जाती है। इसी प्रकार नगरपरिषद में पंडित सोमदत्त दाधीच ने पूजा अर्चना करवाई। शहर की महिलाओं ने नगरपरिषद पहुंचकर गौर, ईश्वर के खीर, चूरमे का भोग लगाया। नया बाजार में महिलाओं ने पूजा अर्चना कर अमर सुहाग की कामना की। इसी प्रकार मुरली मनोहर मंदिर से भी गाजे - बाजे के साथ गणगौर की सवारी निकली। बंटी पुजारी ने पूजा अर्चना करवाई। इसी प्रकार हनुमान वाटिका स्थित मोहल्ले में महिलाओं की ओर से डीजे पर गणगौर ईशरजी के 20 जोड़ों का कन्हैयालाल सोनी, विद्या देवी सोनी की ओर से विधिवत पूजन कर पारंपरिक तरीके से गणगौर ईशर को कन्याओं की ओर से घुमाया गया। जिसमें कन्हैयालाल कठातला के घर से रवाना होते हुए मोहल्ले की गलियों में निकले जहां पर अलग-अलग घरों में पूजन कर उनकी खोल भरी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 10 दिनों से चंदा सोनी, सरोज सोनी, प्रीति कठातला, बसंती सोनी, दीपिका सोनी, नव्या सोनी, रंजना स्वामी, अंजू गुर्जर, विद्या स्वामी, परी सोनी, भावना स्वामी, दिव्या स्वामी, सुनीता सोनी, यशस्वी सोनी, पूनम सोनी, पियूष सोनी, प्रशांत सोनी, चेतन सोनी, शोभा, सुलोचना बिश्नोई, मीरा सोनी, यशोदा सोनी, पाना देवी, कलावती जोशी, सुशीला गुलेरिया, भवानी शंकर सोनी, ओजस्वी सोनी, सरोज शर्मा आदि ने सहयोग किया।

## अवैध शराब के साथ 3 गिरफ्तार, एक फरार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध शराब बरामद कर 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। थानाधिकरी विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भोजलाई चैराहे से पीसीबी स्कूल जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी की। यहाँ पुलिस ने नंदलाल पुत्र दुलाराम, निवासी सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विभिन्न ब्रांड के कुल 171 पव्वे सादा देशी शराब बरामद किए। इसी प्रकार सब इंस्पेक्टर पप्पूराम की टीम ने भारत हॉस्पिटल के पास दबिश देकर हनुमान सिंह पुत्र देवी सिंह, निवासी जुलियासर को गिरफ्तार कर 41 पव्वे अवैध देशी शराब जब्त की है। एसआई रामस्वरूप की टीम ने भोजलाई बास क्षेत्र में हेमराज पुत्र ओमाराम, सुजानगढ़ को संदिग्ध लगने पर रूकवाया, लेकिन वह हाथ का थैला छोड़कर भाग गया। पुलिस ने थैले में से 72 पव्वे अवैध देशी शराब के बरामद किए हैं। इसी प्रकार एएसआई तेजाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाथो तालाब, महावीर विद्या मंदिर के पास गश्त और नाकाबंदी की। मोटरसाइकिल सवार राजेश पुत्र बंशीलाल, सुजानगढ़ को संदिग्ध पाए जाने पर रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो कार्टन में कुल 96 पव्वे अवैध सादा देशी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## मण्डावा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

### श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेडी प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण 'नन्द के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष से गूंज उठा। कथा वाचक पंडित श्री कृष्णकांत महाराज ( वृंदावन धाम) ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म भी कंस जैसे अत्याचारी का अंत कर धर्म की पुनः स्थापना के उद्देश्य से हुआ था। उन्होंने भगवान कृष्ण के जन्म के समय की अद्भुत घटनाओं का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कारागार में जन्म लेने के बाद वासुदेव जी नवजात कृष्ण को यमुना पार कर गोकुल ले गए, जहां नंद-यशोदा के घर उनका पालन-पोषण हुआ। कथा के साथ-साथ भजनों और कीर्तन ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक लोग, ग्रामीण और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने कथा का आनंद लिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आगामी दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने महेश बसावतिया व साथियों के आयोजन की सराहना की

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं/जयपुर(निस)।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम को 'अविस्मरणीय' बताते हुए आयोजकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विशेष रूप से विप्र समाज के सक्रिय कार्यकर्ता महेश बसावतिया व उनके साथियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के स्नेहपूर्ण आयोजन जन-सम्पर्क और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। राजे ने अपने पत्र में लिखा कि जन्मदिन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम न केवल भव्य था, बल्कि भावनात्मक रूप से भी बेहद खास रहा। उन्होंने कहा कि आयोजकों की उपस्थिति, शुभकामनाएं और स्नेह ने इस आयोजन को और अधिक विशेष बना दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में स्पष्ट कहा कि महेश बसावतिया व उनके साथियों की ओर से किए गए प्रयास 'मन को छू लेने वाले' थे। उन्होंने विश्वास जताया कि भविष्य में भी ऐसा ही स्नेह, सहयोग और समर्थन उन्हें निरंतर ऊर्जा देता रहेगा। राजे ने यह भी उल्लेख किया कि समाज के लोगों का अपनापन और विश्वास ही उनकी राजनीतिक और सामाजिक यात्रा की असली ताकत है। इस पत्र के सामने आने के बाद झुंझुनूं जिले सहित पिलानी क्षेत्र में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। इसे एक बड़े सम्मान के रूप में देखा जा रहा है कि राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर आभार प्रकट किया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस तरह के व्यक्तिगत संवाद न केवल कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करने का संदेश भी देते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का यह आभार पत्र सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के प्रति उनके जुड़ाव, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बनकर उभरा है—जो आने वाले समय में राजनीतिक गतिविधियों को भी नई दिशा दे सकता है।

## पक्षी संरक्षण आज के युग की महत्ती आवश्यकताः साध्वी ऊषा कुमारी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में जैन संत आचार्य चंदन मुनि के साधना स्थली अर्हम आश्रम के सभागार में नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी ताल छापर के तत्वावधान में विश्व गौरैया दिवस पर घौंसला वितरण और विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि संघ प्रवर्तनी साध्वी ऊषा कुमारी के सान्निध्य में इस आयोजंन में बर्ड फीडर, लकड़ी और मिट्टी के गौरैया संरक्षण हेतु घौंसले वितरित किये गये। आश्रम में भी संस्था के कार्यकर्ताओं ने गौरैया प्रजनन के लिए घौंसले तथा बर्ड फीडर लगाए। पूर्व क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रभुदान सामौर की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में कार्यक्रम के संयोजक पार्थ सोनी ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया। मुख्य वक्ता साध्वी कुसुम रेखा ने कहा कि पक्षी प्रकृति का श्रृंगार हैं। हमारे जीवन चक्र में इनकी उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि चैरासी लाख जीव योनियों को भोगता हैं। हमें पक्षियों के अद्भुत संसार से बहुत कुछ सीखना चाहिए। साध्वी प्रियदर्शना ने कहा कि मनुष्य इतना स्वार्थी हैं जो अपने हित के लिए सभी का बुरा कर देता है। मनुष्य पर संकट आने का कारण प्रकृति का अनाधिकृत दोहन है। संघ प्रवर्तनी साध्वी ऊषा कुमारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पक्षी संरक्षण आज के युग की महत्ती आवश्यकता हैं। हमें इनके संरक्षण के लिए जितना प्रयत्न किया जा सकता है, उतना करना चाहिए। मुख्य वक्ता संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि प्रत्येक घर में गौरैया का एक घर होना चाहिए। गौरैया बहुत ही महत्वपूर्ण पक्षी है जिनके संरक्षण के लिए संस्था प्रयास कर रही हैं। संगोष्ठी में डॉ. सुनीता राज सोनी, सुप्रीम फाउण्डेशन के धर्मचंद प्रजापत, सर्प मित्र महेश कुमार धर्ड व मुकेश धाणक ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन संयोजक पार्थ सोनी और शंकरलाल सारस्वत ने किया। इस अवसर पर किशोर सैन, ओमप्रकाश गोस्वामी, भागीरथराम आईतान, लिछमा देवी, नेमीचंद प्रजापत, जगदीश स्वामी, पवन स्वामी, महावीर स्वामी, विमल नायक, दिलीप यादव, रोहित यादव, कुमकुम आदि उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी का सड़क कट मरम्मत के लिए विशेष अभियान आरम्भ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार धौलपुर जिले के शहरी व अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में सड़क कट (रोड कट) की मरम्मत के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से विशेष गहन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त यातायात वाले स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराए गए, जिससे आमजन को काफी राहत मिली है। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों–जैसे जलदाय, विद्युत, दूरसंचार आदि से पूर्व में की गई सड़क कटिंग के कारण कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इन स्थानों पर गड्ढे बनने से न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। अभियान के अंतर्गत ऐसे सभी चिन्हित स्थानों पर त्वरित मरम्मत कार्य कर सड़क को समतल व सुरक्षित बनाया गया। उन्होंने बताया कि धौलपुर शहर के प्रमुख मार्गों सहित, मुख्य बाजारों व कॉलोनियों में सड़क कट मरम्मत को प्राथमिकता दी गई। कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बार-बार समस्या उत्पन्न न हो।
अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों की ओर से मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया गया तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सड़क कटिंग के बाद निर्धारित समयसीमा में मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।
अधीक्षण अभियंता ने बताया कि यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

## ईसर-गणगौर की 200 वर्ष प्राचीन प्रतिमाओं के साथ निकली शाही सवारी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** क्षेत्र में लोकपर्व गणगौर का त्यौहार पारम्परिक रूप से मनाया गया।महिलाओं की ओर से अखण्ड सुहाग और कुंवारी कन्याओं की ओर से सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए गणगौर की पूजा की गई।महिलाएं पारम्परिक परिधानों में सजधज कर समूहों में गीत गाती हुई गणगौर के थान पर पूजा करने गई।वहीं कुंवारी कन्याओं ने होलिका दहन के दूसरे दिन से शुरू की गई सेवरा लाने की रस्म भी गणगौर के दिन अंतिम सेवरा लाने के साथ ही पूरी हुई। गणगौर की शाही सवारी रावले से शुरू हो कर गाजे-बाजों के साथ मन्दाकिनी महादेव मंदिर पहुंची।सवारी में नगरपालिका की गणगौर भी शामिल थी। मंदाकिनी मंदिर में महिलाओं ने गणगौर की पूजा-अर्चना की। सवारी में लकड़ी से निर्मित ईसर और गणगौर की राजस्थानी वेशभूषा में श्रृंगारित 200 वर्ष प्राचीन प्रतिमाएं विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विदित हैं कि इन प्राचीन दुर्लभ प्रतिमाओं को बिजौलियां के तत्कालीन जागीरदार बूंदी में निकल रही गणगौर की सवारी के बीच से उठा कर लाए थे। तब से ही इन प्रतिमाओं के साथ गणगौर की शाही सवारी निकाली जा रही हैं।

## भाविप का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** भारत विकास परिषद् शाखा बिजौलियां का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम, नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन व शपथ ग्रहण समारोह श्री बनी के बालाजी परिसर में परिषद् के प्रांतीय चुनाव अधिकारी दिनेश शारदा और संगठन महामंत्री शिवम मानसिंहका की उपस्थिति में आयोजित किया गया। सभी शाखा सदस्यों के प्रस्ताव व समर्थन के आधार पर संरक्षक डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, अध्यक्ष डॉ. नानालाल धाकड़, सचिव वेदप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष नवीन धनोपिया और महिला संयोजक सुधा लसोड़ को चुना गया।संचालन मनोज गोधा ने किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल, संजय धाकड़, मुकेश धनोपिया, ओम मेड़तिया, मदन टांक, , पंकज हरसौरा, कन्हैयालाल शर्मा, अरुण गुरुजी, बद्रीलाल धाकड़, विट्ठल तिवारी समेत परिषद के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## दीवार तोड़कर शोरूम में सेंधमारी का खुलासा, अंतर्राज्यीय गैंग के दो आरोपी गिरफ्तार


जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर के निहालगंज थाना क्षेत्र में शोरूम के पीछे की दीवार तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी करने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में अंतर्राज्यीय गैंग के दो आरोपियों–केशव उर्फ भोलू और योगेश उर्फ रिंकू–को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार 7 मार्च 2026 को दुर्गा कॉलोनी निवासी विजय शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर रात के समय उनके शोरूम की पीछे की दीवार तोड़कर एसी, एलईडी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी कर ले गए। इस पर बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व वृताधिकारी कृष्णराज जांगिड़ के सुपरविजन और थानाधिकारी अमित शर्मा के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच की गई। तकनीकी साक्ष्यों व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में केशव उर्फ भोलू (22) निवासी मौरोली व हाल निवासी गुर्जर कॉलोनी धौलपुर तथा योगेश उर्फ रिंकू (30) निवासी राजघाट का पुरा, जिला मुरैना शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से अब तक 1 एसी व 5 एलईडी बरामद कर ली हैं, जबकि अन्य चोरी गए सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने धौलपुर के साथ-साथ मुरैना जिले में भी चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया है।

## नावां में गणगौर का भव्य आयोजन, सजी-धजी झांकियों ने मोहा मन

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उपखंड मुख्यालय नावां में गणगौर पर्व बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। गणगौर मेले के अवसर पर नगर में भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सजी-धजी और आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। पारंपरिक परिधान और रंग-बिरंगी सजावट से सुसज्जित झांकियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। रैली की शुरुआत नगर पालिका परिसर से हुई, जो मुख्य बाजार और गणेश चौक से होते हुए पुनः नगर पालिका पहुंची। इस दौरान मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने ईसर-गणगौर का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग शामिल हुए। पूरे शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस आयोजन का आनंद लेते नजर आए। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। गणगौर मेले में निकली मनमोहक झांकियां इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। लोक संस्कृति और परंपराओं की झलक ने लोगों का मन मोह लिया।



## अवैध रंगाई-धुलाई से खेत प्रदूषितः कृषि विभाग ने लिए मिट्टी व पानी के सैंपल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** तखतगढ़ उपतहसील के भाचुंदा गांव में अवैध रूप से कपड़ों की रंगाई-धुलाई कर प्रदूषित पानी खेतों में छोड़ने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शिकायत के बाद हरकत में आए प्रशासन के निर्देश पर शनिवार को कृषि विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर खेतों की मिट्टी व पानी के सैंपल संकलित किए। जानकारी के अनुसार, करीब एक माह पूर्व भाचुंदा क्षेत्र में अवैध रंगाई-धुलाई के कारण प्रदूषित पानी खेतों में छोड़े जाने की शिकायत प्रशासन तक पहुंची थी, जिससे फसलों और जमीन की उर्वरता पर खतरा मंडराने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कलक्टर एल.एन. मंत्री के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। शनिवार को बाली कृषि विभाग के सहायक निदेशक शंकरलाल के नेतृत्व में कृषि अधिकारी नारायणराम, नरेन्द्र कुमार, कोसेलाव के सहायक कृषि अधिकारी रिड़मल सिंह तथा कृषि पर्यवेक्षक लक्ष्मण जाट ने भाचुंदा पहुंचकर मौका मुआयना किया और संदिग्ध स्थानों से मिट्टी व पानी के नमूने लिए। अधिकारियों ने बताया कि संकलित सैंपलों को जांच के लिए पाली स्थित प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर पूर्व में मंत्री जोराराम कुमावत को भी शिकायत दी गई थी, जिस पर तखतगढ़ उपतहसीलदार जितेंद्र बबेरवाल ने संज्ञान लेते हुए जांच की प्रक्रिया शुरू करवाई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते रोक नहीं लगी तो खेती और पर्यावरण को गंभीर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## सुमेरपुर बनेगा 'राममय': 26 मार्च को निकलेगी ऐतिहासिक शोभायात्रा

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** रामनवमी के पावन पर्व पर इस बार सुमेरपुर आस्था, उत्साह और भक्ति के विराट संगम का साक्षी बनने जा रहा है। कुमावत समाज सुमेरपुर के तत्वावधान में 26 मार्च को आयोजित होने वाला भव्य रामनवमी महोत्सव, विशाल श्रीराम शोभायात्रा और समाज सम्मेलन पूरे शहर को राममय बना देगा। आयोजन को लेकर समाज ही नहीं, पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह का माहौल है और तैयारियां चरम पर पहुंच चुकी हैं। कुमावत समाज भवन में आयोजित बैठक में समाज के प्रतिनिधियों और श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस बार आयोजन को ऐतिहासिक और यादगार बनाया जाएगा। अयोध्या की तर्ज पर सुमेरपुर में भव्यता का नया अध्याय रचने की तैयारी की जा रही है।
शोभायात्रा इस महोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण होगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरने वाली इस यात्रा में भगवान श्रीराम दरबार की सजीव झांकियां, आकर्षक साज-सज्जा, बैंड-बाजों की मधुर धुन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी उद्घोष माहौल को भक्तिमय बना देंगे। जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार सजाए जाएंगे और श्रद्धालु पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन करेंगे। आयोजन समिति के अनुसार इस बार युवाओं और महिलाओं की भागीदारी को विशेष रूप से बढ़ाया जा रहा है, जिससे कार्यक्रम और अधिक जीवंत व जनभागीदारी से परिपूर्ण बन सके। समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक परंपरा और धार्मिक आस्था का भव्य प्रदर्शन इस आयोजन में देखने को मिलेगा।
महोत्सव के साथ आयोजित होने वाले समाज सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक विकास, संगठन की मजबूती और समाजहित के महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया जाएगा। वरिष्ठजन और समाज के नागरिक अपने विचार रखकर नई दिशा देने का कार्य करेंगे। समाज के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म और संस्कृति के इस महापर्व के साक्षी बनें।
26 मार्च को सुमेरपुर में भक्ति का महासागर उमड़ेगा और पूरा शहर 'जय श्रीराम' के जयघोष से गूंज उठेगा।

## जब कहीं नहीं मिला दुर्लभ रक्त, वर्दीधारी फरिश्ता बनकर पहुंचे एसआई हरेंद्र सिंह, दान कर बचाई वृद्ध की जान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए पुलिस उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने दुर्लभ रक्त समूह AB- का रक्तदान कर 75 वर्षीय गंभीर रूप से बीमार वृद्ध देवीचरण रावत की जान बचाई। इस सराहनीय कार्य की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। परिजनों के अनुसार गुरुवार को देवीचरण रावत की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें बाड़ी के एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। वहां से गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर कर दिया गया। जांच में मरीज का हीमोग्लोबिन मात्र 4 ग्राम और प्लेटलेट्स करीब 20 हजार पाए गए, साथ ही उनका ब्लड ग्रुप AB- निकला, जो बेहद दुर्लभ होता है और बहुत कम लोगों में पाया जाता है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में AB- रक्त उपलब्ध नहीं होने पर परिजन चिंतित हो गए और रक्तदाता की तलाश शुरू की। इसी दौरान ब्लड बैंक कर्मचारी ने बताया कि उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह का ब्लड ग्रुप AB- है और वे पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं। इस पर परिजनों ने तुरंत हरेंद्र सिंह से संपर्क किया। सूचना मिलते ही वे बिना देर किए ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरेंद्र सिंह की इस संवेदनशील पहल ने न केवल एक जीवन बचाया, बल्कि समाज में सेवा और मानवता का प्रेरणादायक संदेश भी दिया है।

## सुमेरपुर में 67 छात्राओं को मिली साइकिलें, खिले चेहरे

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को आयोजित साइकिल वितरण कार्यक्रम में पशुपालन, गोपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कक्षा 9 की 67 छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है और सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। मंत्री ने बालिकाओं से आह्वान किया कि वे पूरी लगन से अध्ययन करें और अपने सपनों को साकार कर समाज में नई पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि ''उम्मीद' योजना के तहत दी जा रही साइकिलें बेटियों के सपनों को पंख देने का कार्य कर रही हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में पालनहार योजना, छात्रवृत्ति योजना, साइकिल योजना, गार्गी पुरस्कार और लाडो योजना जैसी योजनाओं के जरिए बेटियों को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय सिंह गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह परमार, सांसद प्रतिनिधि अनोपसिंह राठौड़, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, बाबूलाल सुथार सहित अनेक जनप्रतिनिधि व नागरिक उपस्थित रहे।

## *लाठ वाली माता मंदिर पर लक्खी मेले का शुभारंभ, श्रद्धालुओं की आस्था का उमड़ा सैलाब*



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** कस्बे में स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र लाठ वाली माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर लगने वाले लक्खी मेले का शनिवार को विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत ने फीता काटकर किया तथा क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं।
इस अवसर पर नीरजा शर्मा ने कहा कि माता का दरबार श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, जहां भक्त अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा मंदिर के विकास के लिए विशेष बजट प्रदान किया गया है, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि मातारानी की कृपा से देश में शांति का वातावरण बना हुआ है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। जिलाध्यक्ष राजवीर राजावत ने कहा कि मां के दरबार में दर्शन का अवसर मिलना हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है। मेले के माध्यम से श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करेंगे। मेले के शुभारंभ के अवसर पर किरोड़ी जाटव, बनवारी सिसोदिया, जयवीर पोसवाल, केदार पोसवाल, कमल पहाड़िया, राजा भैया, मोहन लोधा (मांगरोल मंडल अध्यक्ष), रामू सिकरवार, नंदू शुक्ला, रणबीर डंडोतिया, हरि सिंह गुर्जर, महेंद्र कंसाना, मुकेश हनुमानपुरा, एदल तोमर, एदल लोधा, सोबरन सिकरवार (राधेपुरा), रामवीर सिकरवार, बनवारी सिकरवार, विकास गुर्जर (सरपंच बिरजापुरा), विशंभर सिकरवार, रामकिशोर शर्मा, के.के. शर्मा, रामावतार त्यागी, अशोक बंसल, बी.के. कुशवाह, डॉ. दिलीप तोमर, खमान सिंह (सरपंच), विजय सिंह (सरपंच), हाकिम सिंह लोधा, रविंद्र हथवारी, गजेंद्र परमार, रणवीर लोधा, संतोष गुर्जर, शशिकांत शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आरएएस में चयनित अभिषेक अरेला का भव्य अभिनंदन, क्षेत्र में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा की अंतिम चयन सूची में स्थान प्राप्त करने पर ग्राम गड़राई निवासी प्रतिभावान छात्र अभिषेक अरेला (पुत्र बृजमोहन अरेला) का भगवान परशुराम शोभायात्रा समिति धौलपुर की ओर से भव्य अभिनंदन किया गया। समारोह का आयोजन गोविंद वाटिका में हुआ, जिसमें सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए राजेश महदपुरा ने कहा कि बीहड़ क्षेत्र से निकलकर अभिषेक अरेला ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनकी सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वहीं मुकेश हनुमानपुरा ने कहा कि सामान्य वर्ग के छात्र का इस स्तर पर चयन होना अभिषेक की असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है और यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगी। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, राजेश महदपुरा, मुकेश हनुमानपुरा, राजेंद्र शर्मा, नंदकिशोर शुक्ला, रामकिशोर, प्रमोद भारद्वाज, रामनिवास अरेला, बृजमोहन अरेला, विजय कुमार अरेला, प्रमोद अरेला, रामनाथ अरेला, गोविंद शर्मा, देवेंद्र सिंह तोमर, रमाकांत शर्मा, रमेश चंद मछरिया सहित सर्व समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# पीडब्ल्यूडी का सड़क कट मरम्मत के लिए विशेष अभियान आरम्भ

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशानुसार धौलपुर जिले के शहरी व अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में सड़क कट (रोड कट) की मरम्मत के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से विशेष गहन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों तथा व्यस्त यातायात वाले स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य कराए गए, जिससे आमजन को काफी राहत मिली है। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मधुसूदन राव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न विभागों–जैसे जलदाय, विद्युत, दूरसंचार आदि से पूर्व में की गई सड़क कटिंग के कारण कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। इन स्थानों पर गड्ढे बनने से न केवल यातायात बाधित हो रहा था, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती थी। अभियान के अंतर्गत ऐसे सभी चिन्हित स्थानों पर त्वरित मरम्मत कार्य कर सड़क को समतल व सुरक्षित बनाया गया। उन्होंने बताया कि धौलपुर शहर के प्रमुख मार्गों सहित, मुख्य बाजारों व कॉलोनियों में सड़क कट मरम्मत को प्राथमिकता दी गई। कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बार-बार समस्या उत्पन्न न हो। अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों की ओर से मौके पर जाकर निरीक्षण भी किया गया तथा कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सड़क कटिंग के बाद निर्धारित समयसीमा में मरम्मत कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि यह विशेष अभियान आगामी दिनों में भी जारी रहेगा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
22 मार्च, 2026

## भक्ति सुरों से गूंजा चूरू महोत्सव, भक्ति संध्या ने बांधा समां



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय स्थित बागला स्कूल खेल मैदान में चल रहे चूरू महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने भक्तिगीतों से दर्शकों के अंतर्मन को छू लिया। अध्यात्म, आस्था और भक्ति से ओत-प्रोत गीतों से वातावरण राममय हो गया। चूरू महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या शुक्रवार को भक्ति और संस्कृति के रंग में सरोबार नजर आई। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व शहरवासियों ने शिरकत की और मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद उठाया। सांस्कृतिक संध्या में कोक स्टूडियो फेम भंवरी देवी और डिवाइन लाइवॉ कॉन्सर्ट्स की सुरमयी भक्तिगीतों की प्रस्तुतियों ने श्रद्धा और आध्यात्म का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, बसंत शर्मा, पराक्रम राठौड़, पूर्व सभापति विजय शर्मा, एसडीएम सुनील कुमार, विमला गढ़वाल, अभिषेक चोटिया, नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, तहसीलदार अशोक गोरा, भास्कर शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी व बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

## वीर तेजाजी मंदिर परिसर में टिन शेड का लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के सिंगड़ी गांव स्थित वीर तेजाजी महाराज मंदिर परिसर में एक टिन शेड का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। यह शेड 87×25 फीट क्षेत्र में निर्मित किया गया है। इसका निर्माण सिहाग परिवार के हीरालाल सिहाग और राजकुमार सिहाग ने अपने पूर्वजों बदरूराम, मोहनराम और दीपाराम सिहाग पूर्व सरपंच की स्मृति में करवाया है। कार्यक्रम का शुभारंभ रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व प्रधान गिरधारीलाल बांगड़वा, पूर्व सरपंच मनफूल टांडी, बीडीसी सदस्य विजयपाल मुहाल, जिला परिषद सदस्य मालीराम सारस्वत और श्यामलाल देग सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। विधायक गोदारा ने सिहाग परिवार के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत की कमाई से सार्वजनिक स्थल पर इस प्रकार का निर्माण करवाना प्रेरणादायक है। उन्होंने गांव के अन्य लोगों से भी ऐसे कार्यों में आगे आकर सहयोग करने का आह्वान किया। ताकि आमजन को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों का माला पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्रय-विक्रय सहकारी समिति के व्यवस्थापक मनीराम देग, गणपत राम बाना, दयाल सिंह, जेराराम ढाका, पूर्णाराम, चेतनराम, ओमप्रकाश सियाग, बुधराम सियाग, हीरालाल, मदनलाल, राजकुमार, सुनील पांडिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बीरबल राम ढाका ने किया।

## करंट लगने से तीन राष्ट्रीय पक्षियों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** उपखंड क्षेत्र के बगड़ी गांव में करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षियों मोर की मौत का मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार गांव के वार्ड संख्या 3 स्थित एक पुराने कुएं के पास करंट की चपेट में आने से तीन मोरों की मौत हो गई। ग्रामीण व सामाजिक कार्यकर्ता नेमीचंद नायक ने बताया कि उक्त स्थान पर पहले भी कई बार करंट लगने से मोरों की मौत हो चुकी है। इस संबंध में प्रशासन व विद्युत विभाग को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।उन्होंने बताया कि यह मार्ग गांव का मुख्य रास्ता है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग, बच्चे और बुजुर्ग गुजरते हैं,ऐसे में यहां फैला करंट कभी भी बड़ा हादसा कर सकता है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र कार्रवाई कर समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



## तीन दिन में ट्रैक्टर चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा(निस)।** पुलिस थाना फुलेरा को ट्रैक्टर चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर चोरी करने वाले आरोपी को मात्र तीन दिन में गिरफ्तार कर चोरी किया गया ट्रैक्टर बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मार्च को परिवादी मंगलचंद पुत्र लक्ष्मण गुर्जर निवासी झखोलड़, थाना नरैना ने थाना फुलेरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि उसका सोनालिका 750 ट्रैक्टर आकौदा क्षेत्र में पाइपलाइन के गड्ढे खोदने के कार्य में लगा हुआ था। उक्त ट्रैक्टर को 13 मार्च को एचपी पेट्रोल पंप आकौदा के पास खड़ा किया गया था, लेकिन 16 मार्च की सुबह करीब 11 बजे ट्रैक्टर वहां नहीं मिला, जिस पर चोरी का संदेह जताया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व पुलिस उप अधीक्षक सांभरलेक अनुपम मिश्रा के निर्देशन में तथा थाना अधिकारी राजेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया।

### एयरफोर्स स्टेशन जयपुर में सड़क सुरक्षा कार्यशाला

# इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने दिए सुरक्षित यातायात के मंत्र

### रोड सेफ्टी वीक समापन पर आयोजन, छात्रों व अधिकारियों को नियमों की दी विस्तृत जानकारी

### चित्रकला प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** एयरफोर्स स्टेशन जयपुर में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर पर सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) जयपुर द्वितीय, विद्याधर नगर में पदस्थापित इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने एयरफोर्स के जवानों, अधिकारियों, स्कूल के विद्यार्थियों व उनके परिजनों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने अपने व्याख्यान में सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों और उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग, गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण नियमों को दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनकर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

### चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने कार्यशाला में दी गई सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित एयरफोर्स योद्धाओं, अधिकारियों, विद्यार्थियों और उनके परिवारजनों से सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस दौरान सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रस्तुति के जरिए समझाए सड़क संकेत और मार्किंग कार्यशाला में मुस्कान फाउंडेशन के शांतनु भसीन ने प्रस्तुति के माध्यम से सड़क संकेतों और रोड मार्किंग की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न संकेतों के अर्थ और उनके पालन के महत्व को सरल तरीके से समझाया।

### वर्षों से चला रहे हैं जागरूकता अभियान:

इंस्पेक्टर दिनेश सिंह पिछले कई वर्षों से जयपुर जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर चुके हैं। मोमेंटो देकर किया सम्मान, दिलाई सुरक्षा की शपथ कार्यक्रम के अंत में ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं इंस्पेक्टर दिनेश सिंह ने सभी उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और सुरक्षित यातायात के प्रति संकल्प लेने का आह्वान किया।

## धूमधाम से मनाया चेटीचंड महोत्सव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** चेटीचंड महोत्सव पर सिंधी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल में भगवान झूलेलालजी को पंचमुखी स्नान करवाया गया और उसके बाद मंदिर से पांड्या धर्मशाला तक प्रभात फेरी निकाली गई। सिंधी महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता रावतानी ने बताया की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ज्योति बिनवानी थे। दोपहर में पांड्या धर्मशाला में लंगर व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चे महापुरुषों के वेश में सज कर आए। फैंसी ड्रेस में प्रथम शिवन्या रावतानी, द्वितीय प्राची बिनवानी, तृतीय हार्दिक बिनवानी रहे। सिंधी भजन पर नृत्य में प्रथम यशवी मोटवानी, द्वितीय युविका तोलानी, तृतीय महक, दीपक फुलवानी, प्राची आडवाणी रहे। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में भगवंती परवानी, कोमल जगवानी, गोविंदानी रहे। सीनियर ग्रुप में प्रथम प्राची ग्रुप, द्वितीय रिद्धि, महक जगवानी रहे। कार्यक्रम के पश्चात शाम को शोभायात्रा पांड्या धर्मशाला से नाथो तालाब तक निकाली गई। शोभा यात्रा में मुख्य आकर्षण छेज (पारंपरिक नृत्य) व झांकियां शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए निकली। तालाब में झूलेलालजी की ज्योत परवान कर समाज व देश की खुशहाली की कामना के लिए पल्लव हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष नरेश जगवानी, लक्ष्मण खत्री, रोहित, प्रकाश, श्याम, दिलीप, जगवानी, खुशीराम चान्दरा, मुरली सिंधी, नरेश, हैपी बागवानी, गोविंद, कन्नू मूलचंदानी, भगवानदास, टीकम बिनवानी, दिलीप सेवकानी, राजकुमार तोलानी, रमेश जगवानी, गुरमुख गोलानी, खूबचंद, जगदीश वासवानी, शोभा सुनीता, अनु भागवानी, मधु, तमन्ना रावतानी, हेमा, सपना, कंचन, साधना, सुनीता जगवानी, ज्योति, विधि, चंपा सोना बिनवानी, माया, ज्योति, जया आडवाणी, गुड़ी, मनीषा फुलवानी, सपना, रितु, भव्या तोलानी, गीता, रीटा गोलानी, मीना, लता कटारिया आदि उपस्थित रहें। संचालन सुनीता रावतानी ने किया।

## चिकित्सक फोन में व्यस्त, इमरजेंसी में तड़पती रही मासूम; इलाज से पहले आधार मांगने का आरोप

### कुत्ते के काटने से घायल बच्ची को देर से मिला उपचार, परिजनों ने लगाया गंभीर लापरवाही का आरोप



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उपजिला चिकित्सालय में लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां कुत्ते के काटने से घायल तीन वर्षीय बच्ची दर्द से तड़पती रही। परिजनों ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टर मोबाइल देखने में व्यस्त रहे और समय पर उपचार नहीं किया, बल्कि इलाज से पहले आधार कार्ड मांगा। जानकारी के अनुसार मेलुसर गांव निवासी विजय कस्वां अपनी पुत्री चित्रा को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जिसके गाल पर कुत्ते ने काट लिया था। बच्ची दर्द से कराह रही थी, लेकिन आरोप है कि इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संदीप बिजारणिया मोबाइल चलाने में व्यस्त थे और तुरंत इलाज शुरू नहीं किया। पीड़ित पिता का कहना है कि डॉक्टर ने पहले इंतजार करने को कहा और बाद में आधार कार्ड लाने की बात कही। दस्तावेज के अभाव में इलाज करने से मना कर दिया गया, जिससे बच्ची करीब एक घंटे तक दर्द से तड़पती रही। परिजनों ने इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी रिकॉर्ड करने का दावा किया है।

परिजनों ने मांग की है कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों का पहले उपचार किया जाना चाहिए और कागजी प्रक्रिया बाद में पूरी की जानी चाहिए।

वहीं अस्पताल प्रभारी डॉ. चंद्रभान जांगिड़ ने डॉक्टर का बचाव करते हुए कहा कि उस समय इमरजेंसी में एक सड़क दुर्घटना का मामला आने से डॉक्टर व्यस्त थे और बाद में बच्ची का उपचार कर दिया गया।

## चूरू में एसपी निश्चय प्रसाद ने संभाला पदभार

### आमजन का विश्वास जीतकर अपराधों पर अंकुश लगाना रहेगी प्राथमिकता

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने शनिवार दोपहर को कार्यभार ग्रहण किया। डीआईजी बीएसएफ जय यादव ने जयपुर पुलिस उपायुक्त (यातायात) पद से ट्रांसफर होकर चूरू आए एसपी निश्चय प्रसाद एम को पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि आमजन का विश्वास जीतकर अपराधों पर अंकुश लगाएंगे। उन्होंने शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। एसपी ने कहा कि शराब तस्करी और नशे का व्यापार करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीम वर्क के साथ काम करने पर जोर दिया और कहा कि जिले में संगठित अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो करने वालों की सूची बनाकर कार्रवाई की जाएगी। नशे के कारोबारियों पर नकेल कसी जाएगी और जिले के बाहर से आने वाले मादक पदार्थों की तस्करों पर पूर्णतः रोक लगाई जाएगी। इस अवसर पर एएसपी सुनील कुमार, एएसपी कृष्णा सामरिया, एएसपी सतपाल सिंह, डीएसपी सुनील झाझड़िया, कोतवाली थानाधिकारी सुखराम चोटिया, अपराध सहायक संदीप कुमार, आरआई मुकुट बिहारी, सदर थानाधिकारी मोटाराम, यातायात निरीक्षक हंसराज गुर्जर, धर्मस्तूप चौकी प्रभारी फरमान खान और निजी सहायक जाकिर खान सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## जाजोद में खुला बोरवेल दे रहा हादसे का न्यौता



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत जाजोद के मैन चौक स्थित राम मंदिर के पास एक खुला बोरवेल ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। यह बोरवेल लंबे समय से खुला पड़ा है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले विधायक कोटे से यहां एक ट्यूबवेल स्वीकृत की गई थी। पानी न मिलने के कारण इसे दूसरी जगह खोदा गया, लेकिन पुराना बोरवेल को एक साधारण पत्थर से ढक दिया गया जो कभी भी आसानी से हट सकता है। जिससे लोगों में गंभीर खतरे का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया की बारिश के कारण इस बोरवेल के आस-पास की मिट्टी भी ढह गयी है अब इस बोरवेल के आस-पास जाने से लोगों में डर का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने बताया की जिम्मेदार अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन की ओर से इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे उनकी लापरवाही उजागर हो रही है। ग्रामीण विकास शर्मा और शक्ति सिंह ने बताया कि यदि इस बोरवेल को समय रहते स्थायी रूप से बंद नहीं किया गया, तो यह किसी भी क्षण एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने राजस्थान में पिछले कुछ महीनों में खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की कई दुखद घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से तत्काल इस खुले बोरवेल को सुरक्षित और स्थायी समाधान की मांग की है ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

## गणगौर महोत्सवः शाही सवारी में दिखी विशेष परम्परा और भव्यता का संगम

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान की समृद्ध लोक परंपरा, आस्था और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक गणगौर महोत्सव इस वर्ष शेखावाटी की पर्यटन राजधानी मण्डावा में अभूतपूर्व भव्यता और नवीन प्रयोगों के साथ आयोजित हुई। राज परिवार, मण्डावा ने इस बार आयोजन को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। राज परिवार के निर्देश पर महोत्सव में कई नवाचार जोड़े गए हैं, जिनमें सबसे खास है गणगौर की शाही सवारी का लाइव प्रसारण। राजस्थान फाउंडेशन के माध्यम से विदेशों में बसे भारतीयों और राजस्थानी समुदाय को इस भव्य आयोजन से जोड़ने की पहल की गई है। साथ ही, पर्यटन के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी इसका सीधा प्रसारण किया गया, जिससे दुनिया भर के लोग मण्डावा की इस सांस्कृतिक धरोहर का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान पूरा शहर लोक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। इस वर्ष शोभायात्रा को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए पारंपरिक लवाजमे शामिल किए गए हैं, जिनमें सजी-धजी पालकियां का नया समावेश भी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहा। गणगौर महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि राजस्थान की लोक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

# नम आंखों से दी गणगौर को विदाई

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में होलिका दहन के दूसरे दिन शुरू हुआ गणगौर का पर्व अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है और शनिवार शाम को समापन हो गया। गणगौर महोत्सव के अंतिम चरण में नवविवाहिताएं अपनी सहेलियों के साथ मिलकर अपने मोहल्ले में स्थित माली की बाड़ी में पहुंची और वहां पर ईशर ओर गणगौर बनाई गई। उसके बाद नवविवाहिताएं सजी-धजी गणगौर को अपने सर पर लेकर मोहल्ले से होती हुई अपने घर पहुंची। जहां पर गणगौर का पूजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड 16 में गणगौर पूजन कर रही नवविवाहिताएं वर्षा जांगिड़, निकिता जांगिड़, ओर प्रियंका जांगिड़ आदि मोहल्ले में स्थित बाड़ी में पहुंची और वहां पर ईशर व गणगौर बनाई। बाद में ईशर व गणगौर को सर पर धारण कर लोकगीत गाती हुई अपने घरों में पहुंची जहां पर गणगौर का पूजन किया गया। इस अवसर पर नवविवाहिता वर्षा जांगिड़ ने बताया कि गणगौर पर्व का नवविवाहिताओं के लिए एक अलग ही महत्व है। शादी के बाद नवविवाहिताएं पहली गणगौर पर अपने पीहर में आकर अपनी सहेलियों के साथ गणगौर की पूजा करती है। नवविवाहिताएं अपने सुहाग की लंबी उम्र और कन्याएं अच्छा वर पाने के लिए गणगौर माता की पूजा करती है। युवती स्नेहा जांगिड़ ने बताया कि गणगौर और ईशर की पूजा शिव पार्वती के रूप में की जाती है। होली के दूसरे दिन होलिका दहन की मिट्टी से पिंड बनाकर शीतलाष्टमी तक सुबह पिंड की पूजा की जाती है और शीतला अष्टमी के दिन कुम्हार के घर जाकर मिट्टी लाकर मिट्टी से गणगौर और ईशर बनाए जाते है और फिर दोनों समय गणगौर की पूजा की जाती है। शाम के समय में घर-घर जाकर गणगौर माता की बिंदोरी निकाली जाती है। इस दौरान शादी की तरह हल्दी, मेहंदी आदि की रस्मे भी निभाई जाती है। युवती स्नेहा जांगिड़ ने बताया कि अब हम घर पर जाकर गणगौर की पूजा करेंगे और शाम को नजदीकी कुएं पर जाकर गणगौर ईश्वर के फेरों की रस्म निभाई जाएगी और उसके बाद गणगौर का विसर्जन करेगी। यानी गणगौर अपने ससुराल चली जाएगी। इस अवसर पर गणगौर पूजन कर रही युवती आरती राजपूत ने बताया कि हम भी गणगौर पूजन कर रहे हैं और गणगौर के इस त्यौहार का जमकर लुफ्त उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुंवारी कन्या गणगौर माता का पूजन अच्छे वर और अच्छे ससुराल पाने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि अब हम मायुस भी है क्योंकि इतने दिन तक चले त्यौहार समापन हो जाएगा और ससुराल से आई नव विवाहिताएं अपने ससुराल चली जाएगी।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।